डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अखबार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 327 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 14 सितम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया

औसत बारिश के आंकड़ा हुआ क्रास

जलस्तर बढ़ने पर खोले जा सकते है गांधीसागर के गेट

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। जिले में औसत बारिश का आंकड़ा क्रास हो गया है। शुक्रवार सुबह 8 बजे तक 33.16 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। इधर आसपास के जिलों में हुई बारिश से चंबल नदी पर बने गांधी सागर का जलस्तर बढ़ रहा है। इसलिए डेम का एक छोट स्लूज गेट खोला गया है। यदि पानी की आवक बढ़ी तो डेम के अन्य गेट भी खोले जा सकते है। मौसम जानकारों के अनुसार बंगाल की खाड़ी में 15 सितंबर से नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इसका असर 16 सितंबर से प्रदेश में देखने को मिलेगा। मौसम विभाग की माने तो यह सिस्टम भी स्ट्रॉन्ग रहेगा। मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव के मुताबिक मौजूदा सिस्टम उत्तर प्रदेश की ओर बढ गया है। हालांकि, अगले 24 घंटे के दौरान ग्वालियर-चंबल और जबलपुर संभाग में इसका असर रहेगा। इधर चम्बल नदी पर बने गांधी सागर बांध का जलस्तर 1309.80 फीट पहुंच गया है।

दूध ने बिगाड़ा कीचन का बजट

पांच सदस्यीय घर में तीन हजार रुपए का सिर्फ दूध..!

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। दिन की शुरुआत करने वाले दूध व चाय ने घरों का बजट बिगाड़ दिया है। करीब एक माह में दूसरी बार सौरभ सहित अन्य ब्रांड की दूध कंपनियों ने एक लीटर पर करीब दो-दो रुपए बढ़ा दिए हैं। पैकिंग का दूध 70 रुपए लीटर पर पहुंच गया। पांच सदस्यीय परिवार के दूध का महीने का खर्च 3 हजार पर पहुंच गया है। तुअर दाल, घी, साबूदाना सहित कई खाद्य पदार्थो के दाम में वैसे ही तेजी चल रही है। पैकिंग दूध के दाम बढ़ने से फूटकर दूध के भाव में बढ़ोतरी हो रही है।

ढाई से तीन हजार रुपए दूध के ही दे रहे...

10 से 12 हजार कमाने वाले मध्यम वर्ग का व्यक्ति जो वाहनों, दुकानों, निजी कंपनियों व फैक्टरियों में काम करता हैं, इस तबके की स्थिति बहुत खराब हो रही हैं। जिले की आबादी में करीब 50 फीसदी यही वर्ग का आता है, जो 10 से 15 हजार रुपए महीना कमाते हैं। दूध के दाम बढ़ने से हर माह इन्हें ढाई से तीन हजार केवल दूध में खर्च करना पड़ रहा। घरों में काम कर जीवन यापन करने वाली महिला सुनीता ने बताया कि सुबह घर का काम करने के बाद लोगों के घरों में काम करके 6 से 7 हजार रुपए महीना कमाती हूं। घर में दो बच्चे हैं, इनके दूध पर ही आधे से ज्यादा पैसा खर्च हो जाता है। पति काम करके 7 हजार लाते हैं। इसके बाद भी बच्चों की फीस व किराने में सब खर्च हो जाता है। दूध महंगा होने पर हमने चाय बंद कर दी व बच्चों को दूध देते हैं। मंहगाई बढ़ती रही तो बच्चों का दूध भी बंद करना होगा।

सबसे ज्यादा बिकता है सौरभ...

वैसे तो कई कंपनियों का दूध मंदसौर जिले में आता है। लेकिन, शहर में सौरभ की खपत ज्यादा है। इसमें डबल टोन, सिंगल टोन, चाय स्पेशल और गोल्ड की श्रेणियों में दूध बिकता है। सबसे कम दाम डबल टोन 50 रुपए लीटर बिक रहा है तो गोल्ड के दाम 70 रुपए लीटर है। गोल्ड को मिठाईयों और पीने के उपयोग में लिया जाता है। वहीं चाय स्पेशल (62 रुपए लीटर)की खपत चाय की दुकानों पर ज्यादा है। सिंगल टोन की कीमत 58 रुपए लीटर है। कुछ दिन पहले ही सौरभ ने दो रुपए लीटर दूध के दाम बढ़ाए है।

चार लाख लीटर से अधिक दूध की खपत...

अंचल की 15 लाख आबादी में 4 लाख लीटर से अधिक दूध की खपत होती हैं। जिले में सौरभ के सहित लगभग आठ कंपनियों का पैकिंग दूध बिकता है। रोज 35 से 40 हजार लीटर दूध विक्रय होता है। शहर में 152 डेयरी वाले हैं, इनके यहां से 1 लाख लीटर से अधिक दूध की सेल होती है। शेष दूध की सप्लाई किसान फूटकर दूध विक्रेता के रूप में करते हैं। कुछ ही माह में दूसरी बार प्रतिलीटर 2-2 रुपए बढ़े है। पैकिंग दूध महंगा होते ही फूटकर दूध के दाम भी बढ़ रहे हैं। जिससे कीचन का बजट बिगड़ रहा है।

इसलिए बढ़े दूध के दाम...

दूध विक्रेता प्रमेन्द्र जैन ने बताया कि भाड़ा महंगा होने से कंपनियों ने दाम बढ़ा दिए है। पॉलीथिन पर बैन लगने से दूध की थैली में उपयोग होने वाला मोटा पालीथिन वह महंगी हो गई है। हर चीज के दाम बढ़ने से मजदूरी महंगी हो गई। पशु आहार महंगा हो रहा है। ऐसे में निजी कंपनी व फुटकर विक्रेता को खर्च निकालना मुश्किल हो रहा है। इससे दूध के दाम बढ़ने लगे हैं।

पेट्रोल पंप पर लूट की योजना बनाते पांच बदमाश धराए, हथियार भी मिले

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। शहर के सीतामऊ फाटक क्षेत्र में स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप को लूटने की योजना बनाते पांच बदमाशो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीतामऊ रोड ब्रिज के नीचे शराब पीते हुए लूट की योजना तैयार की जा रही थी। आरोपियों के कब्जे से तलवार-चाकू और अन्य सामान जब्त किए है।

शहर पुलिस ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर ब्रिज पर दबिश दी गई। इस दौरान ब्रिज के पास से कुछ लोग पुलिस को देख भागते नजर आए। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा। इनके पास से लोहे के धारदार छुरे, एक धारदार तलवार, एक लोहे की टामी, एक लट्ठ कुल कीमती 1100 रुपये एवं 02 आधेभरे शराब के क्वार्टर, 02 खाली क्वार्टर, चने, मुंगफली के मसालेदार दाने, तीन बीडी के ठुठ, सात पुरी बीडी 30 नंबर, माचीस की चार जली तिल्ली एवं एक माचीस जब्त की गई।

पुलिस ने मामले में आरोपी विक्रम पिता दलपत बागरी उम्र 28 साल निवासी ग्राम दोरवाडा थाना नारायणगढ मंदसौर, दयाल पिता चुन्नीलाल बावरी उम्र 30 साल निवासी नोगांवा थाना वायडीनगर मंदसौर, सुनील पिता विनोद बागरी उम्र 23 साल निवासी दोरवाडा थाना नारायणगढ मंदसौर, भगत पिता प्रकाश उर्फ औमप्रकाश बागरी उम्र 21 साल निवासी दोरवाडा थाना नारायणगढ मंदसौर और अर्जुन पिता भेरुलाल भील उम्र 22 साल निवासी नोगावा थाना वायडीनगर जिला मंदसौर के खिलाफ धारा 310(4), 310(5) बीएनएस एवं 25 आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियो से पूछताछ पर उन्होने बताया कि वह यहा पर शराब पीने के बाद रिलायंस पंप पर लूट की घटना को कारित करने वाले थे।

दो चोरिया कबूली, वायडी नगर पुलिस रिमांड लेगी...

मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने पांचो आरोपियो से पूछताछ की तो प्रारंभिक तौर पर उन्होंने वायडी नगर थाना क्षेत्र में दो स्थानो पर चोरी करना कबूली है। शहर पुलिस ने सभी को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जैल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार अब वायडी नगर थाना पुलिस न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट जारी करवाकर आरोपियो का रिमांड लेगी। उस समय पुलिस चोरी का सामान भी जप्ती में लेने का प्रयास करेगी।

एडीएम न्यायालय ने किया तीन खाद्य संस्थानों पर जुर्माना

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। न्यायालय श्रीमती एकता जायवाल, अपर कलेक्टर जिला मन्दसौर के द्वारा खाध सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 के तहत खाध सुरक्षा अधिकारी श्री बी. एस. जामोद के द्वारा दिनांक 18.08.2022 को अमूल ऐवरी टाईम स्लाईस ब्रेड का नमूना लिया गया था, जो जांच में मिथ्याछाप पाया जाने पर अनावेदकगण जितेन्द्र पोरवाल पिता दिनेशचन्द्र पोरवाल निवासी गरोठ इत्यादि पर अर्थदण्ड राशि रुपए 100000 (अक्षरी एक लाख रुपए) का जुमार्ना अधिरोपित किया गया।

इसी प्रकार न्यायालय श्रीमती एकता जायवाल, अपर कलेक्टर जिला मन्दसौर के द्वारा खाध सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 के तहत खाध सुरक्षा अधिकारी श्री बी.एस. जामोद के द्वारा दिनांक 15.04.2023 को धनिया पावडर का नमूना लिया गया था, जो जांच में अवमानक पाया जाने पर अनावेदकगण सुनील जाटव पिता रामलाल जाटव फर्म तलेरा ओवरसिंस 38 उद्योगिक क्षेत्र मन्दसौर इत्यादि पर अर्थदण्ड राशि रुपए 55000 (अक्षरी पचपन हजार रुपए) का जुमार्ना अधिरोपित किया गया। इसी प्रकार न्यायालय श्रीमती एकता जायवाल, अपर कलेक्टर जिला मन्दसौर के द्वारा खाध सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 के तहत खाध सुरक्षा अधिकारी श्री श्यामसिंह रावत के द्वारा दिनांक 15.07.2023 को दूध एवं मिल्क पावण्डर का नमूना लिया गया था, जो जांच में अवमानक पाया जाने पर अनावेदक पंकज कुमार पिता लक्ष्मीनारायण फर्म श्री राधाकृष्ण दुध डेयरी, तहसील गरोठ पर अर्थदण्ड राशि रुपए 100000 (अक्षरी एक लाख रुपए) का जुमार्ना अधिरोपित किया गया।

रिश्वतखोर लिपिक अजय चौरसिया को चार साल की जैल

रिश्वत लेते लोकायुक्त ने पकड़ा था, न्यायालय ने सुनाया फैसला

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) मंदसौर द्वारा सीएमएचओ कार्यालय के रिश्वत लेने के आरोपी लेखापाल अजय चौरसिया को रिश्वत लेने का दोषी पाते हुए 4 वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया।

जिला अभियोजन अधिकारी निर्मलासिंह चौधरी द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया मामला इस प्रकार है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शामगढ में पदस्थ डॉ. शोभा मोरे चिकित्सा अधिकारी 6 माह के मातृत्व अवकाश पर रही थी। उक्त अवकाश अवधि का वेतन भुगतान के लिए खण्ड जिला चिकित्सा अधिकारी मंदसौर को आवेदन प्रस्तुत किया था। उक्त मातृत्व अवकाश की अवधि का वेतन आहरण कार्य के लिये कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मंदसौर में पदस्थ प्रभारी लेखापाल अजय चौरसिया से मिली। अवकाश अवधि का वेतन आहरण करने के लिए लेखापाल अजय चौरसिया द्वारा डॉ. शोभा मोरे से 3500 रुपये रिश्वत राशि की मांग की गई। डॉ. शोभा मोरे रिश्वत देना नहीं चाहती थी, बल्कि उसे रंगे हाथो पकडवाना चाहती थी। इसलिए उसने उज्जैन जाकर लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक को शिकायत की।

शिकायत पर कार्यवाही करते हुए उप पुलिस अधीक्षक वेदांत शर्मा द्वारा ट्रैप दल का गठन किया गया। तत्पश्चात ट्रैप दल द्वारा कार्यवाही करते हुए अभियुक्त लेखापाल अजय चौरसिया को डॉ. शोभा मोरे से 3500 रू. रिश्वत राशि लेते हुए 09 जुलाई 2019 को रंगे हाथों पकडा। इसके बाद लोकायुक्त पुलिस द्वारा विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण मंदसौर के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा विचारण उपरांत जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा रखे गये तथ्यों एवं तर्कों सें सहमत होकर आरोपी अजय चौरसिया को धारा-7 भ्रष्टाचार नि. अधि. 1988 संशोधित अधिनियम 2018 के तहत 4 वर्ष का कठोर कारावास एवं 10 हजार रू. अर्थदण्ड से दंडित किया गया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन जिला लोक अभियोजन अधिकारी निर्मलसिंह चौधरी द्वारा किया गया।

नदी पार करते समय बहा टेंपो, जनहानि नहीं

पुल पर पानी था फिर भी निकाला वाहन, ग्रामीणों ने बचाई जान

मनासा, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। गुरुवार रात कुकड़ेश्वर थाना क्षेत्र के गांव बत्तीसडा और बत्तीसडी के बीच स्थित इडर नदी की पुलिया से एक लोडिंग टेम्पो पानी के तेज बहाव में बह गया। इस हादसे में टेम्पो सवार पांच लोग बाल-बाल बच गए। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि सभी टेम्पो सवार लोग मनासा के रहने वाले हैं। जो दोपहर में ग्राम तलाऊ में स्थित ठाकुर देवजी, नाग देवता मंदिर पर दर्शन करने गये थे। जब वो वापस लौट रहे थे, इसी दौरान नदी में उफान आ गया। तब वाहन चालक ने जबरन टेम्पो को पुलिया को उस समय पार करवाने का प्रयास किया। वहां मौजूद लोगों और चौकीदार ने उसे मना किया मगर वह नहीं माना।

इसी दौरान टेम्पो पानी के तेज बहाव में बह गया। गनीमत यह रही कि समय रहते वहां मौजूद लोगों ने टेम्पो सवार सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसकी जानकारी मिलते ही कुकड़ेश्वर थाना प्रभारी राधेश्याम डांगी टीम के साथ के मौके पर पहुंचे। राहत बचाव कार्य मे ग्रामीणों के साथ सहयोग किया। वहीं मामले पर टीआई डांगी ने टेम्पो चालक के खिलाफ कार्रवाई बात कही है।

दो पक्षों में मारपीट, 3 पर प्रकरण दर्ज

पिपलियामंडी, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। मारपीट के मामले में पुलिस ने दो पक्षों के तीन जनों पर केस दर्ज किया। ग्राम अडमालिया निवासी सूरजमल पिता तेजा बंजारा ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई की भतीजी संगीताबाई की शादी लोढाखेडा निवासी ज्ञानसिंह पिता रतनलाल के साथ हुई थी। जिससे ससुराल वालों के खिलाफ दहेज प्रताडना की शिकायत दर्ज कराई थी। इसी रंजिश के चलते संगीता के काका ससुर करणसिंह ने मुझे गालियां दी व मारपीट की। इसी तरह दरबारसिंह पिता लालू बंजारा निवासी लोढाखेडा ने शिकायत दर्ज कराई कि मेरे अंकल

के लडके ज्ञानसिंह की शादी अडमालिया के श्यामलाल की बेटी संगीता के साथ हुई थी। संगीता का भाई कालूरा व पिता श्यामलाल दोनों ने मुझे मंशाखेडी मार्ग पर रोका और कहा कि संगीता के मामले में तू टांग अडा रहा है, कहकर गाली-गलौज की व मारपीट की। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज किया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत, दो मासूम घायल

नीमच, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाईक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं दो मासूम बच्चे घायल हो गए। घायलो को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना रतनगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मांडा की है। तीनो को तत्काल एंबुलेंस से बड़े अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टरों ने बाइक चालक को मृत घोषित कर दिया।

मंगीलाल पिता चम्पा लाल निवासी भागपुरा थाना बेगू अपनी बाइक पर सवार होकर दो बच्चों के साथ जा रहा था। तभी एक अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार मांगीलाल की मौत हो गई। जबकि, कन्हैयालाल उम्र 12 साल व ओम प्रकाश उम्र 9 साल घायल हो गए। बताया गया है कि कन्हैयालाल की हालत ज्यादा गंभीर थी। जबकि, ओमप्रकाश को मामूली चोटे थी। दोनो का बड़े अस्पताल नीमच में उपचार जारी है। हादसे के बाद मदद के लिए बच्चे नजदीक गांव मे आये, इसके बाद परिजनों और ग्रामीणों को सूचना दी गई। शुक्रवार को बड़े अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

प्रकरण वापस लेने की मांग, कलेक्टर, एसपी से मिले रहवासी

पिपलियामंडी, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर प्रदर्शन करने शासकीय काम में बाधा का प्रकरण दर्ज करने के विरोध में पार्षद प्रतिनिधि व रहवासियों ने शुक्रवार को कलेक्टर अदिति गर्ग व मंदसौर जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद से मुलाकात की व मुकदमा वापस लेने की मांग की।

एसपी ने आश्सस्त किया कि वे मामले की जांच कराएंगे। उल्लेखनीय है कि 11 सितम्बर 2024 को वार्ड 5 टीलाखेडा बालाजी मंदिर के पीछे निवासरत रहवासियों ने बिजली, पानी व सडक की समस्या का निराकरण नही होने पर टीलाखेडा बालाजी मंदिर के निकट सडक पर बैठकर जाम लगाकर आक्रोश जताया था, बाद में तहसीलदार ब्रजेश मालवीय ने मौका मुआयना कर समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया था। लेकिन उसी दिन मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रवीण सेन ने जाम लगाकर रास्ता अवरुद्ध कर शासकीय काम में बाधा डालने पर पार्षद प्रतिनिधि मुकेश निडर सहित नौ रहवासियों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

तीन से सत्रह तक पहुंचा झाकियों का कारवां

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। एक बच्चे के झांकियां बनाने के शौक के चलते शहर में 1965 में तीन झांकियों का पहला चल समारोह निकला था। उसने अब 60वें साल में विशाल चल समारोह का रूप ले लिया है। इंदौर में पिता के साथ झांकियां देखने गए बच्चे के मन में हमेशा ही हसरत रही कि अपने शहर में ऐसा कुछ किया जाए। इसी जुनून में जेब से रुपए खर्च कर उन्होंने चल समारोह की शुरुआत कर दी। आज भी वह इस परंपरा को जीवित रखते हुए चल समारोह में अपनी एक अनूठी ही झांकी प्रस्तुत करते हैं। बता दे कि इस बार 17 झांकियां निकलेगी।

शहर में अनंत चतुर्दशी पर्व पर 59 सालों से आकर्षक झांकियों के साथ चल समारोह निकाला जा रहा है। हर वर्ष जिले व आसपास के क्षेत्रं से हजारों लोग शहर पहुंचकर रात भर चल समारोह का आनंद लेते हैं। हजारों लोगों को आकर्षित करने वाला चल समारोह एक बालक के शौक का परिणाम है। राधेश्याम एंड पार्टनर के नाम से प्रसिद्ध राधेश्याम पिता दुर्गाशंकर शर्मा को बचपन से झांकियां बनाने का शौक था। वे बचपन से ही गणेश चतुर्थी पर्व पर घर में झांकियां बनाते थे।

अनंत चतुदर्शी पर्व पर बचपन से ही कयामपुर में अपने निवास स्थान पर कैलाश पर्वत, मानसरोवर जैसी झांकियां बनाया करते थे। उनके पिता दुर्गाशंकर शर्मा व्यवसाय के सिलसिले में इंदौर और अन्य जगह पर आया-जाया करते थे। 18 वर्ष की उम्र में राधेश्याम शर्मा ने इंदौर में चल समारोह में झांकियां देखी। यहीं से उन्होंने ठान लिया कि मंदसौर में भी झांकियां निकालेंगे। मंदसौर पहुंचने के बाद वे झांकियां निकालने की तैयारी में लग गए। 1965 में पहली बार तीन झांकियों के साथ चल समारोह की शुरुआत की।

उस समय गणेशजी ने किया सहयोग...

वर्ष 1992 में चल समारोह की तैयारियां चल रही थी। इसी दौरान चल समारोह के 6 दिन पहले ही राधेश्याम शर्मा की झांकी सजाने वाला कारपेंटर माताजी के श्राद्ध का बहाना कर भाग गया। राधेश्याम शर्मा को कुछ नहीं सूझा तो जनकपुरा स्थित गणपतिजी मंदिर पहुंचकर कहा- झांकियां नहीं सजी हैं। आप साल भर यहीं विराजित रहेंगे। इस वर्ष आपका विसर्जन नहीं करूंगा। वापस लौट रहे थे, तब नयापुरा मार्ग पर प्रीतम शर्मा ने आवाज लगा कर काम मांगा। राधेश्याम शर्मा ने कहा कि कारपेंटर का काम है तो उसने कहा- मैं झांकियां सजाने का काम करता हूं। प्रीतम ने चार दिन में सिर्फ चाय पी कर झांकियां बनाई।

तीन बार एक दिन बाद निकला चल समारोह...

इन 59 सालों में अब तक मात्र तीन बार ही चल समारोह अनंत चतुर्दशी के एक दिन बाद निकाला गया है। वर्ष 1992, 2012 व 2018 में अनंत चतुर्दशी पर झमाझम बरसात होने के कारण चल समारोह एक दिन बाद निकालना पड़ा था।

राधेश्याम शर्मा इस बारे में ही सोचते रहे। एक दिन अपने मुनीम बाबासाहेब देशपांडे को शहर में झांकियां निकालने के बारे में बताया। बाबा साहेब ने भी सहमति जताई तो दोनों ने गणपति चौक स्थित मंदिर में पं. रामनारायण शर्मा, नर्मदाशंकर शर्मा गुरुजी एवं रोडवेज के ओमजी से चर्चा की। सभी की सहमति मिलने पर 1965 में पहली बार राधेश्याम एंड पार्टर्नर, चिंताहरण गणपति मंदिर एवं रोडवेज की तीन झांकियों का साझा चल समारोह निकला।

विचार-मंथन

क्या सच में प्लास्टिक प्रदूषण में भारत नंबर एक पर?

वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण के मामले में भारत का नंबर पांचवां है। इस बात की जानकारी पिछले हफ्ते नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में सामने आई है। भारत हर साल लगभग 5.8 मिलियन टन प्लास्टिक जलाता है और 3.5 एमटी प्लास्टिक को मलबे के तौर पर पर्यावरण में छोड़ता है। कुल मिलाकर भारत सालाना दुनिया में 9.3 एमटी प्लास्टिक प्रदूषण फैलाता है। यह नाइजीरिया, इंडोनेशिया और चीन के मुकाबले काफी ज्यादा है। लीड्स यूनिवर्सिटी के रिसर्चर जोशुआ डब्ल्यू. कॉटम, एड कुक और कोस्टास ए वेलिस ने अपने इस अध्ययन में यह अनुमान लगाया है कि हर साल लगभग 251 मीट्रिक टन प्लास्टिक कचरा पैदा होता है। यह 200,000 ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल भरने के लिए काफी है। इस कचरे का लगभग पांचवां 52.1 मीट्रिक टन कचरा पर्यावरण में बाहर कर दिया जाता है। इस कचरे को या तो रीसाइकिल किया जाता है या लैंडफिल में भेजा जाता है। ज्यादातर प्लास्टिक के कचरे का यही हाल होता है। अनमेनेज्ड कचरा वह होता है जो पर्यावरण में मलबे के तौर पर खत्म होता है। माउंट एवरेस्ट की ऊंचाइयों से लेकर प्रशांत महासागर में मारियाना ट्रेंच तक धरती पर हर जगह पर्यावरण को यह प्रदूषित करता है। इसकी वजह से कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैसें पैदा होती हैं। इसी वजह से हार्ट संबंधी और सांस संबंधी बीमारी होती है। अनमेनेज्ड कूड़े में से लगभग 43 फीसदी या 22.2 मीट्रिक टन कूड़ा मलबे के तौर पर पड़ा हुआ है और लगभग 29.9 मीट्रिक टन कूड़ा स्थानीय जगहों पर जला दिया जाता है। इस अध्ययन में कहा गया है कि प्लास्टिक का कूड़ा सबसे ज्यादा दक्षिणी एशिया, उप-सहारा अफ्रीका और दक्षिण-पूर्वी एशिया में पैदा होता है। वास्तव में दुनिया के प्लास्टिक प्रदूषण का लगभग 69 फीसदी 20 देशों से आता है। ग्लोबल साउथ में प्लास्टिक का प्रदूषण होना इसका खुले में जलना है। वहीं ग्लोबल नॉर्थ में प्लास्टिक प्रदूषण में मलबा अहम भूमिका निभाता है। रिसर्च करने वालों का कहना है कि यह पूरी तरह से कूड़े को मैनेज करने के तरीकों में कमी को दिखाता है। कोस्टास वेलिस ने बताया कि हमें ग्लोबल साउथ पर कोई भी दोष नहीं मढ़ना चाहिए। ग्लोबल नॉर्थ में हम जो करते हैं उसके लिए किसी भी तरह से खुद की तारीफ नहीं करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि लोगों की कचरे के निपटान करने की शक्ति उनकी सरकार के तौर तरीकों पर ही निर्भर करती है। यह अध्ययन उस समय आया है जब प्लास्टिक प्रदूषण पर इंटरनेशनल ट्रीटी पर बातचीत चल रही है। साल 2022 में यूएन एनवॉयरमेंट असेंबली ने 2024 के आखिर तक ऐसी ट्रीटी विकसित करने पर इच्छा जाहिर की है। इसके बारे में एक्सपर्ट का कहना है कि यह 2025 में जलवायु परिवर्तन पर पेरिस एग्रीमेंट के बाद सबसे जरूरी समझौता हो सकता है। हालांकि, इस बात पर आम सहमति बनने में काफी मुश्किल आ सकती है। एक तरफ इंडस्ट्री ग्रुप है। वह प्लास्टिक प्रदूषण को वेस्ट मेनेजमेंट समस्या के तौर पर देखते हैं। वह इसको कम करने के बजाय उस पर ज्यादा फोकस करवाते हैं। दूसरी तरफ यूरोपीय संघ और अफ्रीका के देश हैं। यह प्लास्टिक को धीरे-धीरे खत्म करना चाहते हैं। इस हाई एम्बिशन कोएलिशन का कहना है कि प्लास्टिक कचरे को इस कदर मैनेज करना कि वहां पर बिल्कुल ही प्रदूषण ना हो बिल्कुल ही नामुमकिन है। रीसाइकलिंग में बहुत ज्यादा खर्च होता है। साइंस एडवांसेज नाम की पत्रिका में अप्रैल में छपे एक अध्ययन में प्लास्टिक प्रदूषण पैदा होने में बढ़ोतरी और प्लास्टिक प्रदूषण के बीच में सीधा-सीधा संबंध पाया गया है। बता दें कि प्लास्टिक इंडस्ट्री ग्रुप ने इस अध्ययन की तारीफ की है।

ट्रम्प की जीत का अमरीकी अर्थव्यवस्था पर क्या असर होगा?

जोसेफ.ई.स्टिग्लिट्ज

नवम्बर में होने वाला अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव कई कारणों से महत्वपूर्ण है। दाव पर सिर्फ अमरीकी लोकतंत्र का अस्तित्व ही नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ प्रबंधन भी है, जिसका बाकी दुनिया पर भी दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। अमरीकी मतदाताओं को न सिर्फ अलग-अलग नीतियों के बीच, बल्कि अलग-अलग नीतिगत उद्देश्यों के बीच भी चुनाव करना पड़ता है। हालांकि डैमोक्रेटिक उम्मीदवार, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अभी तक अपने आर्थिक एजैंडे का पूरा ब्यौरा नहीं दिया है, लेकिन वे संभवत: राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यक्रम के केंद्रीय सिद्धांतों को बनाए रखेंगी, जिसमें प्रतिस्पर्धा बनाए रखने, पर्यावरण को संरक्षित करने, जीवन की लागत को कम करने, विकास को बनाए रखने, राष्ट्रीय आर्थिक संप्रभुता और लचीलापन बढ़ाने और असमानता को कम करने के लिए मजबूत नीतियां शामिल हैं। इसके विपरीत, उनके प्रतिद्वंद्वी, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ज्यादा न्यायसंगत, मजबूत और टिकाऊ अर्थव्यवस्था बनाने में कोई दिलचस्पी नहीं है। इसकी बजाय, रिपब्लिकन कोयला और तेल कम्पनियों को खाली चैक दे रहे हैं और एलन मस्क और पीटर थिएल जैसे अरबपतियों के साथ घुलमिल रहे हैं। इसके अलावा, जबकि ठोस आर्थिक प्रबंधन के लिए लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए नीतियां बनाने की आवश्यकता होती है, झटकों का जवाब देने और नए अवसरों को

भुनाने की क्षमता भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। हमें पहले से ही इस बात का अंदाजा है कि इस मामले में प्रत्येक उम्मीदवार कैसा प्रदर्शन करेगा। ट्रम्प अपने पिछले प्रशासन के दौरान कोविड-19 महामारी का जवाब देने में बुरी तरह विफल रहे, जिसके परिणामस्वरूप 10 लाख से अधिक मौतें हुईं। अभूतपूर्व घटनाओं का जवाब देने के लिए सर्वश्रेष्ठ विज्ञान के आधार पर कठिन निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। अमरीका के पास कोई ऐसा व्यक्ति है जो व्यापार-नापसंद को तौलने और संतुलित समाधान तैयार करने में विचारशील और व्यावहारिक हो। हमारे पास एक आवेगी नार्सिसिस्ट है जो अराजकता में पनपता है और वैज्ञानिक विशेषज्ञता को अस्वीकार करता है। चीन द्वारा पेश की गई चुनौती के प्रति उनकी प्रतिक्रिया पर विचार करें। 60 प्रतिशत या उससे अधिक के कम्बल टैरिफ को लागू करने का प्रस्ताव था। जैसा कि कोई भी गंभीर अर्थशास्त्री उन्हें बता सकता था कि इससे कीमतें बढ़ेंगी। इस प्रकार, निम्न और मध्यम आय वाले अमरीकियों को लागत का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। जैसे-जैसे मुद्रास्फीति बढ़ती है और अमरीकी फैडरल रिजर्व को ब्याज दरें बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ता है, अर्थव्यवस्था धीमी वृद्धि, बढ़ती मुद्रास्फीति और उच्च बेरोजगारी की तिहरी मार झेलेगी। मामले को बदतर बनाते हुए, ट्रम्प ने फैड की स्वतंत्रता को खतरे में डालने की चरम स्थिति अपनाई है। इस प्रकार ट्रम्प का एक बार और राष्ट्रपति बनना आर्थिक अनिश्चितता, निराशाजनक निवेश और विकास और लगभग निश्चित रूप से मुद्रास्फीति की उम्मीदों को बढ़ाने का एक निरंतर स्रोत पेश करेगा। ट्रम्प की प्रस्तावित कर नीतियां भी उतनी ही भयावह हैं। निगमों और अरबपतियों के लिए 2017 की कर कटौती को याद करें, जो अतिरिक्त निवेश को प्रोत्साहित करने में विफल रही और केवल शेयर बायबैक को प्रोत्साहित किया। जबकि ट्रम्प जैसे लोकलुभावन तानाशाह घाटे की परवाह नहीं करते हैं। अमरीका और विदेशों में निवेशकों को इसे लेकर विचलित होना चाहिए। गैर-उत्पादकता बढ़ाने वाले खर्च से घाटे में वृद्धि मुद्रास्फीति की उम्मीदों को और बढ़ाएगी। आर्थिक प्रदर्शन को कम करेगी और असमानता को बढ़ाएगी। समान रूप से, बाइडेन प्रशासन के लिए मुद्रास्फीति न्यूनीकरण अधिनियम को निरस्त करना न केवल पर्यावरण और देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अमरीकी प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए बुरा होगा बल्कि यह उन प्रावधानों को भी समाप्त कर देगा, जिन्होंने फार्मास्यूटिकल्स की लागत को कम किया है, जिससे जीवन की लागत बढ़ जाती है। ट्रम्प बाइडेन प्रशासन की मजबूत प्रतिस्पर्धा नीतियों को भी वापस लेना चाहते हैं, जो फिर से बाजार की शक्ति को मजबूत करके और नवाचार को रोककर असमानता को बढ़ाएगी और आर्थिक प्रदर्शन को कमजोर करेगी। और वह बेहतर तरीके से डिजाइन किए गए आय-आश्रित छात्र ऋणों के माध्यम से उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने की पहल को खत्म कर देंगे, जिससे अंतत: उस क्षेत्र में निवेश कम हो जाएगा जिसकी अमरीका को इक्कीसवीं सदी की अभिनव अर्थव्यवस्था की चुनौतियों का सामना करने के लिए सबसे अधिक आवश्यकता है। यह हमें ट्रम्प के एजैंडे की उन विशेषताओं की ओर ले जाता है जो अमरीका की दीर्घकालिक आर्थिक सफलता के लिए सबसे अधिक परेशान करने वाली हैं। एक और ट्रम्प प्रशासन बुनियादी विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए धन में कटौती करेगा, जो पिछले 200 वर्षों में अमरीका के प्रतिस्पर्धी लाभ और बढ़ते जीवन स्तर का स्रोत है। अपने पिछले कार्यकाल के दौरान, ट्रम्प ने लगभग हर साल विज्ञान और प्रौद्योगिकी में बड़ी कटौती का प्रस्ताव रखा, लेकिन गैर-चरमपंथी कांग्रेसी रिपब्लिकन ने इन बजट कटौतियों को रोक दिया। हालांकि, इस बार, यह अलग होगा, क्योंकि रिपब्लिकन पार्टी ट्रम्प का व्यक्तिगत पंथ बन गई है। ट्रम्प का विक्रेताओं और ठेकेदारों को भुगतान करने से इंकार करने का लंबा ट्रैक रिकॉर्ड उनके चरित्र को दर्शाता है। वह एक धमकाने वाले व्यक्ति हैं जो अपनी शक्ति का उपयोग किसी को भी लूटने के लिए करेंगे। लेकिन यह तब और भी बड़ी समस्या बन जाती है जब वह दुस्साहसक विद्रोहियों का खुलकर समर्थन करते हैं। कानून का शासन केवल ऐसी चीज नहीं है जिसे हमें अपने लिए संजो कर रखना चाहिए,यह एक अच्छी तरह से काम करने वाली अर्थव्यवस्था और लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण है। 2024 की शरद ऋतु की ओर बढ़ते हुए, यह जानना असंभव है कि अगले 4 वर्षों में अर्थव्यवस्था को किन झटकों का सामना करना पड़ेगा।

अपराध रुकें इसके लिए नजरिया बदलें...

क्षमा शर्मा

कई बार बहुत सी चीजें चकित करती हैं। पिछले कुछ सालों से सिम्बोलिज्म या प्रतीकात्मकता बढ़ती ही जा रही है। हाल ही में बंगाल में एक युवा डाक्टर के साथ जिस तरह से दुष्कर्म किया गया और उसकी हत्या कर दी गई, उसने पूरे देश को उद्वेलित किया। हाथरस कांड और निर्भया के वक्त भी ऐसा ही हुआ था। बंगाल में उस अभागी लड़की को अभया कह कर पुकारा जाने लगा। आप कह सकते हैं कि चूंकि दुष्कर्म पीड़िता का नाम जग जाहिर करना कानूनी अपराध है , ऐसा इसलिए किया गया। फिर वहां जो नया दुष्कर्म कानून आया उसे भी अपराजिता कह कर पुकारा गया। एक लड़की अभया हो सकती है , निर्भया हो सकती है, यानी कि उसे किसी से डर नहीं लगता। वह अपराजिता भी हो सकती है कि किसी से पराजित न हो। मगर लड़कियों के जीवन में इस तरह के सांकेतिक नाम रखने से क्या बदलता है। क्या उनके प्रति अपराध होने से रुक जाते हैं। निर्भया का मामला 2012 में हुआ था। कहा गया था कि दुष्कर्म के खिलाफ ऐसा कठोर कानून बनाया जाए, जिससे कि अपराधी ऐसा करने की हिम्मत न कर सकें लेकिन क्या ऐसा हो सका। क्या कठोर कानून के बावजूद बलात्कार के मामलों में कमी आई। एन.सी.आर.बी. के आंकड़ों को देखें तो लगता है, ऐसा बिल्कुल नहीं हुआ। 2021 यानी कि निर्भया मामले के 9 साल बाद, दिल्ली में सबसे अधिक दुष्कर्म हुए जिनकी संख्या 1221 थी। राज्यों में राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश का नम्बर था। 2021 में ही जयपुर में देश में सबसे अधिक दुष्कर्म हुए थे और कोलकाता में सबसे कम। लेकिन पिछले दिनों कोलकाता के मामले ने ही सबको परेशान कर दिया। ऐसा क्यों है कि एक ओर लड़कियों को पूजते हैं, मातृ-शक्ति को सबसे बड़ा मानते हैं और दूसरी तरफ मौका मिलते ही उनके प्रति किसी भी कुकृत्य को करने से बाज नहीं आते। यहां तक कि नजदीकी रिश्तेदार तक ऐसा करते हैं। बहुत पहले केरल में एक रिपोर्ट आई थी जिसमें बताया गया था कि बहुत से नजदीकी रिश्तेदार अपनी रिश्तेदार उम्रदराज महिलाओं को भी नहीं बख्शते। सुनने में यह भयावह लगता है कि हमारी बुजुर्ग नानी-दादियां भी इस तरह के अपराधों का शिकार हों। इस रिपोर्ट को जानकर उस समय के केरल के मुख्यमंत्री भी विचलित हो उठे थे। हाल ही में एक खबर ने परेशान किया था कि राजस्थान में गांव में रहने वाले एक मां-बेटे शादी से लौट रहे थे। बेटे ने खूब शराब पी रखी थी। एक सुनसान जगह देखकर बेटे ने मां के साथ दुष्कर्म जैसे अपराध को अंजाम दिया। मां अपने मां होने की दुहाई देती रही, लेकिन वह न माना। नशा उतरने के बाद उसने खुद अपराध स्वीकार किया। शराब के बारे में यों ही नहीं कहा जाता कि उसे पीने के बाद लोग होश खो बैठते हैं। लेकिन जरूरी नहीं कि शराब पीने के बाद ही ऐसे अपराध किए जाते हों। हद तो यह है कि छोटे बच्चे भी इस तरह के अपराधों में शामिल पाए जाते हैं। हम समझते हैं कि लड़कियों और महिलाओं के प्रति अपराध बाहर वाले ही करते हैं, मगर हमेशा ऐसा सच नहीं है। बचपन में जब घर की बुजुर्ग महिलाएं कहती थीं कि घर के पुरुषों के सामने दुपट्टा ओढ़कर जाओ, तो बहुत बुरा लगता था, लेकिन आज समझ में आता है कि वे ऐसा क्यों कहती थीं। वे उन वृत्तियों को पहचानती थीं, जिनसे अपराध जन्म लेते हैं। लेकिन यह भी सच है कि किसी ने कैसे कपड़े पहने हैं , यह देखकर लोग उसके प्रति अपराध करने को प्रेरित हों। लगता तो यह है कि लड़कियां और स्त्रियां कैसे भी कपड़े पहनें , वे घर से बाहर रहें या अंदर, वे हमेशा अपराधों की जद में होती हैं और यह सिर्फ हिन्दुस्तान की बात नहीं है। वे देश जो महिला सुरक्षा और महिलाओं की बराबरी को लेकर दूसरे देशों को बहुत ज्ञान बांटते रहते हैं, वहां की आबादी और दुष्कर्म के मामले देखिए, तो वे बहुत बड़ी संख्या में नजर आते हैं। सोचने की बात यही है कि आखिर ऐसा कैसे हो कि महिलाएं अपने घरों में और बाहर सुरक्षित रह सकें। जहां वे काम करती हैं, वहां तो सुरक्षा और भी जरूरी है। कोलकाता की डाक्टर के साथ अपराध उसी अस्पताल में हुआ, जहां वह काम करती थी। आप लाख कानून बना लीजिए, कठोर से कठोर दंड दे दीजिए, लेकिन अपराध नहीं रुकते। निर्भया के प्रति जिन लड़कों ने अपराध किया था, उन्हें फांसी दी ही गई थी। लेकिन सवाल औरतों के प्रति हमारे नजरिए का है। जब तक औरत होने का मतलब किसी से कमजोर होना है, किसी तरह का पछतावा भी न हो, तो सारे कानून और सारा हो-हल्ला व्यर्थ सा लगता है। किसी पीड़िता का नाम अभया रख लीजिए, निर्भया रख लीजिए, अपराजिता पुकारिए लेकिन अगर सोच न बदले, औरतों के प्रति वह दृष्टिकोण न बदले, तो कानून किसी काम के नहीं हैं।

उ.प्र.के विधानसभा उपचुनावों में रंग ला सकती है भाजपा की मेहनत

मिल्कीपुर और कटेहरी सीट पर टिकट के लिए मारामारी के पीछे की वजह यह बताई जा रही है कि इन दोनों सीटों पर चुनावी प्रबंधन की कमान स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभाली है, इसलिए दावेदार अपनी जीत सुनिश्चित मान रहे हैं। उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। सीएम योगी आदित्यनाथ और उनके दिग्गज मंत्री सभी दसों सीटों पर चुनाव प्रचार की कमान संभाले हुए हैं। बीजेपी की मेहनत कितना रंग लायेगी यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा है, परंतु बीजेपी की कार्यकर्ता काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। यही वजह है पार्टी के भीतर टिकट को लेकर दावेदारों की फौज खड़ी हो गई है।बीजेपी प्रत्याशियों की विपक्ष से लड़ाई तो बाद में होगी, इससे पहले टिकट को लेकर ही पार्टी के भीतर ही जंग शुरू हो गई है। टिकट को लेकर छिड़ी जंग का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि दावेदार आपस में ही एक दूसरे की पोल खोल रहे हैं। अम्बेडकर नगर की कटेहरी सीट पर टिकट को लेकर स्थानीय भाजपा इकाई दो फाड़ हो चुकी है। दोनों खेमा एक दूसरे के खिलाफ शिकायतों का पिटारा भाजपा नेतृत्व के पास भेज रहा है। प्रदेश संगठन ने पिछले दिनों शिकायतकर्ताओं को प्रदेश मुख्यालय में बुलाकर उन्हें समझाया भी था। वहीं, अंबेडकर के दौरे पर गए संगठन के पदाधिकारियों ने भी उन्हें शांत रहने की नसीहत दी थी। इसके बावजूद उनके बीच रार जारी है। सूत्रों की मानें तो पार्टी से बाहर के कुछ कद्दावर हस्तियां भी टिकट की उम्मीद लगाये बैठी हैं। कटेहरी, गाजियाबाद, फूलपुर और मझवां सीट पर कुछ बाहरी लोगों को टिकट दिलाने को लेकर भाजपा के दो बड़े नेता भी लखनऊ से दिल्ली तक लाबिंग कर रहे हैं। मीरापुर सीट पर पूर्व सांसद मलूक नागर और पूर्व विधायक राजपाल सैनी भी अपने-अपने बेटे के लिए टिकट मांग रहे हैं। मौजूदा सांसद चंदन चौहान भी अपनी पत्नी के लिए जोर लगाए हैं। उधर, सहयोगी दल भी सीट के बंटवारे को लेकर भाजपा के सामने अड़ंगा लगा रहे हैं। इसलिए भी बीजेपी के भीतर टिकट वितरण का मामला नहीं सुलझ पा रहा है। सरकार में कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद कटेहरी और मझवां सीट मांग रहे हैं तो रालोद भी मीरापुर के साथ ही खैर सीट पर दावेदारी जता रहा है। इसे लेकर भी भाजपा असमंजस में है। वैसे तो सभी सीटों पर दावेदारी के लिए रस्साकशी हो रही है, लेकिन भाजपा नेताओं के बीच असली जंग कटेहरी और मिल्कीपुर सीट के टिकट को लेकर है। इन दोनों सीटों पर अपने शागिर्दों व चहेतों को टिकट दिलाने के लिए कई मंत्री और संगठन के बड़े पदाधिकारी भी एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। मिल्कीपुर और कटेहरी सीट पर टिकट के लिए मारामारी के पीछे की वजह यह बताई जा रही है कि इन दोनों सीटों पर चुनावी प्रबंधन की कमान स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभाली है, इसलिए दावेदार अपनी जीत सुनिश्चित मान रहे हैं। जिस तरह से सीएम ने दोनों सीटों पर फोकस किया है उससे यहां माहौल काफी बदला है। इससे भाजपा व सहयोगी दलों के दावेदारों की उम्मीदें बढ़ और गई हैं। सूत्रों की माने तो मिल्कीपुर में एक पूर्व सांसद अपने एक करीबी को चुनाव लड़ाना चाहते हैं तो कटेहरी सीट के प्रभारी बनाए गए एक मंत्री भी अपने चहेते को टिकट दिलाने के लिए पूरी ताकत लगाए हैं। संगठन के कई पदाधिकारी भी टिकट की लाइन में हैं। कटेहरी में निषाद पार्टी की दावेदारी के अलावा भाजपा की ओर से भी आधे दर्जन नेताओं में भी टिकट की होड़ है। इससे शीर्ष नेतृत्व को टिकट तय करने में दिक्कत हो रही है।

खड़गे का बीजेपी हमला, कहा-बीस सीटें और आती तो ये सभी जेल में होते

आज का राशिफल

मेष : [illegible] शुभांक-4-6-7

वृषभ : [illegible] शुभांक-3-5-7

मिथुन : [illegible] शुभांक-2-4-6

कर्क : [illegible] शुभांक-1-3-5

सिंह : [illegible] शुभांक-4-6-8

कन्या : [illegible] शुभांक-5-7-9

तुला : [illegible] शुभांक-5-7-9

वृश्चिक : [illegible] शुभांक-3-5-7

धनु : [illegible] शुभांक-1-4-6

मकर : [illegible] शुभांक-3-5-7

कुंभ : [illegible] शुभांक-1-4-6

मीन : [illegible] शुभांक-2-4-6

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5356

		2		6	1			9
8		5	4				7	6
6		4						
		3		5	2			
			8		7			
			9	3		2		
						1		2
3	6				8	4		7
2			1	4		9		

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5355

7	3	2	5	6	1	8	4	9
8	1	5	4	2	9	3	7	6
6	9	4	7	8	3	5	2	1
1	8	3	6	5	2	7	9	4
4	2	9	8	1	7	6	3	5
5	7	6	9	3	4	2	1	8
9	4	8	3	7	5	1	6	2
3	6	1	2	9	8	4	5	7
2	5	7	1	4	6	9	8	3

वर्ग पहेली 5356

संकेत: बाएं से दाएं
1. भारत की इस प्रथम महिला आई.पी.एस. अधिकारी का जन्मदिवस है (09 जून 1949) (5)
5. सिर के बाल झड़ने का रोग (2)
7. संगीत में स्वर का विस्तार, तानने की क्रिया, खिंचाव (2)
8. [illegible] (5)
9. वर्षा के समान गिरना, क्रुद्ध होना (4)
11. अत्यन्त मधुर ध्वनि, बीता या आने वाला दिन (2)
12. गेहूं, जौ आदि पौधे के डंठलों के छोटे टुकड़े जो पशु भोजन के रूप में इस्तेमाल होती है (2)
13. डायरी जिसमें दैनिक कार्यों का विवरण लिखा जाता है (5)
14. उम्मीद, वस्तु आदि पाने का आत्मविश्वास (2)
18. [illegible] (3)
19. [illegible] (5)
21. [illegible] (3)
22. सुशील, पवित्र (3)
23. दुग्ध (2)
24. [illegible] (3)

ऊपर से नीचे
1. पुस्तक विक्रेता को यह भी कहा जाता है (5)
2. दौड़ने वाला (अंग्रेजी) (3)
3. पराया, गैर आदमी, अनजान (3)
4. दयनीय दशा या अवस्था वाला (2)
5. यह नदी गंगा की सहायक नदी है (3)
6. महान, पूज्य, गौरवमय (3)
10. अंदर भरना, गुंजाइश होना (3)
12. भूकंप, जलजला, भूडोल (3)
14. कलेजा, [illegible] (4)
15. स्वार्थी, खुदगर्ज (4)
16. आने वाला, भविष्य में होने वाला (3)
17. दुर्गा, माता सरस्वती का एक नाम (3)
20. प्रवाहित होना, जल प्रवाह होना (3)

वर्ग पहेली 5355 का हल

औ	ल	इ	डि	रा	रे	डि	यो
स्क		ल		क	ज		ग
र	म	जा	न		गी	जा	
	ह	म		प	री	व	ता
ता	ल		अ	री		कि	ला
	पू	ज	क			श	व
पू	र्ण		ब	लि	दा	न	
जा		मी	र		ख		रा

संचार में आत्मविश्वास एक महाशक्ति है-डॉ.जैन

नव प्रवेशित विद्यार्थियों के इंडक्शन कार्यक्रम के दौरान हुआ संचार शैली पर व्याख्यान

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। पीएम एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर के श्री कुशाभाऊ ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत बी.ए. के विद्यार्थियों के लिए IQAC सेल द्वारा विशिष्ट व्याख्यान संचार कौशल व्यक्तित्व विकास के लिए महत्वपूर्ण पर आयोजित किया गया। जनभागीदारी अध्यक्ष श्री नरेश जी चंदवानी ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए सभी कार्यक्रम में सक्रिय होने की सलाह दी। प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने महाविद्यालय के नियमों से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को कक्षाओं में 75% उपस्थिति हेतु प्रेरित किया। इतिहास विभागाध्यक्ष एवं IQAC प्रभारी डॉ. उषा अग्रवाल ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय कि विभिन्न गतिविधियों एवं विशेष उपलब्धियों से अवगत कराया।

प्रबंध विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रजत जैन ने संचार कौशल पर हुआ विशिष्ट व्याख्यान में छात्र समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति की पहचान उसके संचार से होती है उसके कपड़ों से नहीं... डॉ. जैन ने विभिन्न कहानियां सुनाते हुए बताया कि व्यक्ति का व्यक्तित्व उसके संचार कौशल से ही पहचाना जा सकता है। उन्होंने अपने व्यक्तव्य के द्वारा बताया कि एक राजा एक अंधे महात्मा से मिला और पूछा कि आपने मेरे मंत्री और अंगरक्षक को देखा ,तो महात्मा ने बताया कि में अंधा हूं परंतु आपके अंगरक्षक और मंत्री बाई ओर गए है आप भी इसी तरफ चले जाइए आप आगे जाएंगे तो आपको पहले मंत्री मिलेगा और उसके बाद अंगरक्षक मिलेंगे राजा ने ऐसा ही करा और उन्हें थोडी दूर जाते ही मंत्री एवं अंगरक्षक मिल गए। इस दौरान राजा के मन में एक चिंतन आया के वह महात्मा तो अंन्धे थे तो उन्हे कैसे पता चला कि पहले मंत्री और उसके बाद उसे अंगरक्षक मिलेंगे। इसी प्रश्न का उत्तर लेने राजा महात्मा के पास गए। और उनसे यह प्रश्न किया की आपको कैसे पता चला की पहले मंत्री और बाद में अंगरक्षक मिलेगे जबकि आप तो अंधे है तो महात्मा ने मुस्कुराते हुए बताया कि मुझे उनके शब्दों से पता चला कि वह कोन है? अंगरक्षक आए तो उन्होंने मुझे बुड्ढे - भिखारी कह कर पुकारा, मंत्री आए तो मुझे बाबा जी कहकर पुकारा परंतु जब आप आए तो मुझे महात्मा जी कहकर पुकारा। मुझे इसी संचार शैली से आप सभी के व्यक्तित्व का पता चला। डॉ. जैन ने कहा संचार में आत्मविश्वास ही आपकी महाशक्ति इसीलिए सभी विद्यार्थियों को संचार कौशल की शिक्षा ग्रहण करना चाहिए। उक्त सेमिनार में अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ वीणा सिंह, प्रो आभा मेघवाल ,प्रो सचिनशर्मा, प्रो शालू नलवाया, प्रो साक्षी विजयवर्गीय, प्रो संजय पंवार के साथ ही कला संकाय के 366 विद्यार्थी उपस्थित थे।

पोषण माह और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का कार्यक्रम आयोजित

सुवासरा, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। महिला बालविकास परियोजना अंतर्गत आज राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय में पोषण माह और बेटी बचाओ बेटी पढाओ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे बालिकाएं और बालको को पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा की जानकारी दी गई साथ ही कॉलेज की बालिका द्वारा आजकल जो बलात्कार जैसी घटनाएं हो रही है उस पर कविता के माध्यम से जागरूक किया गया।।कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक , विद्यार्थी , महिला बाल विकास ब्लॉक कॉर्डिनेटर हेमंत मोर्वी सुपरवाइजर सोनल उबेजा ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं उपस्थित थे।

आईटीआई मनासा में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ

नीमच, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। शासकीय आई.टी.आई. मनासा में प्रवेश-2024 के लिए पहले आओ, पहले पाओ राउंड शुरू हो गया है। प्रवेश के लिए शासकीय आई.टी.आई. में इलेक्ट्रोनिक्स सच मैकेनिक- 10, डीजल मैकेनिक- 3, स्टे.नोग्राफी हिन्दी - 18, कोपा की 7 सीटें रिक्त है। इस राउंड में प्रवेश के लिए नवीन रजिस्ट्रेशन, च्वा.ईस फिलिंग, त्रुटि सुधार 30 सितम्बपर 2024 तक किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए शासकीय आई.टी.आई मनासा में संपर्क किया जा सकता हैं।

गणेश चर्तुदशी पर्व पर नपा मूर्तियों के संग्रहण व विसर्जन हेतु व्यवस्था करेगी, नपाध्यक्ष ने निरीक्षण किया

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। गणेश चतुदर्शी (अनंत चौदस) पर्व पर भगवान श्री गणेशजी की मूर्तियों का विसर्जन पूर्ण रूप से श्रद्धा भक्ति के साथ हो तथा मूर्ति विसर्जन के संबंध में राष्ट्रीय हरित मिशन (नेशनल ग्रीन ट्रयूबनल) के आदेश का पालन हो, यह सुनिश्चित करने के लिये शुक्रवार को नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने गणेश विसर्जन समिति एवं नपा के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ मूर्ति संग्रहण के लिये बनाये जाने वाले अस्थाई केन्द्रों के स्थल व मूर्ति विसर्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। श्रीमती गुर्जर के साथ इस अवसर पर जिला गरबा मण्डल व गणेश विसर्जन समिति अध्यक्ष श्री हिम्मत डांगी, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, सीएमओ श्री सुधीर कुमार सिंह, भाजपा खेल प्रकोष्ठ जिला संयोजक विनय दूबेला, समाजसेवी मनीष भावसार, नपा सभापति श्रीमती दीपमाला मकवाना, पार्षद गरिमा भाटी, ईश्वरसिंह चौहान, जिला शांति समिति सदस्य श्री अनिल संगवानी, पूर्व पार्षद राकेश भावसार, नपा गैरेज सहायक जाकिर भाई, स्वच्छता पर्यवेक्षक सौरभ काला सहित नपा के कर्मचारीगण भी मौके पर उपस्थित थे।

नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर व श्री डांगी ने सर्वप्रथम तेलिया तालाब पिकनिक स्पॉट पर बनने वाले अस्थायी मूर्ति संग्रहण केन्द्र को देखा तथा अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि तेलिया तालाब क्षेत्र में आने वाली सभी मूर्तियों को एक ही जगह संग्रहित किया जाये तथा यहां किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो इसके लिये तेलिया तालाब के जल संग्रहण क्षेत्र में किसी को भी जाने नहीं दिया जाये। श्रीमती गुर्जर ने इसके बाद एमआईटी कॉलेज चौराहा पहुंचकर वहां कुछ ही दूरी पर स्थित मूर्ति विसर्जन केन्द्र को भी देखा तथा निर्देश दिया कि यहां सभी गणेश मूर्तियों को आदर व सम्मान के साथ विसर्जन किया जाये। इस स्थान पर पानी व रोशनी की पूर्ण व्यवस्था की जाये। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने मुक्तिधाम की छोटी पुलिया पहुंचकर भी निरीक्षण किया और इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इलेक्ट्रानिक मीडिया से चर्चा में नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि नपा ने 17 सितम्बर मंगलवार को भगवान गणेशजी की मूर्तियों के विसर्जन के लिये पुरी तैयारी कर ली है। नपा मंदसौर नगर की सभी गणेश मूर्तियों के संग्रहण के लिये 21 मूर्ति संग्रहण केन्द्र बनाने जा रही है। यहां गणेशजी की मूर्तियां संग्रहित होगी। यहां मूर्तियों के लिये पानी की भी व्यवस्था रहेगी। नपा परिषद के अधिकारी, कर्मचारीगण सभी 21 केन्द्रों से मूर्तियों को संग्रहित करके मूर्ति विसर्जन केन्द्र एमआईटी कॉलेज के पास दौलतपुरा की पानी की खदान स्थल तक पहुंचायेंगे। श्री डांगी ने कहा कि नपा के द्वारा जो व्यवस्था की जा रही है वह सराहनीय है। नपा प्रतिवर्ष इस व्यवस्था को बेहतर तरीके से करती है। मैं इसके लिये नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर व नपा के सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभारी हूँ।

स्कूलों में टीबी जागरूकता कार्यशाला सम्पन्न

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जनसमुदाय में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से दलौदा के विनायक पब्लिक स्कूल, साई पब्लिक स्कूल और दलौदा पब्लिक स्कूल में क्षय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई जिसमे जिला क्षय अधिकारी मंदसौर द्वारा टीबी की बीमारी के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी रखी गई जिसमें बच्चों को पुरस्कृत किया गया। जिला क्षय अधिकारी ने बताया कि टीबी उन्मूलन के लिए वैश्विक लक्ष्य 2030 रखा गया है लेकिन भारत सरकार ने 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य तय किया है इसी को दृष्टिगत रखते हुए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है हमारे पास जांच , उपचार की व्यवस्था उपलब्ध है लेकिन अंतिम पंक्ति तक जब तक जागरूकता नहीं आएगी तब तक हम अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते। साथ ही जिला क्षय अधिकारी ने बताया कि बीमारी के प्रति भ्रांति को दूर करने के लिए आमजन मरीज के साथ भेदभाव ना करें उसको मानसिक सपोर्ट प्रदान करें, उसके लिए निक्षय मित्र योजना लागू की गई है।

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। शुक्रवार को नपा कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा प्रारंभ किये गये स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। दिनांक 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मध्यप्रदेश की सभी नगरीय निकायों में प्रारंभ किये जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाडे कार्यक्रम को नपा के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने देखा तथा इसे श्रवण किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर के निर्देश पर नपा के सभी वार्डों के सफाई दरोगागण भी उपस्थित थे।

प्लेसमेंट ड्राइव में 122 युवा चयनित

नीमच, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था(आई.टी.आई) रामपुरा मे गुरूवार को सुजुकी मोटर्स प्लांट गुजरात द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजित किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमे से 122 प्रतिभागियों का प्राथमिक चयन किया गया है।

वीर तेजाजी महाराज की निकली शोभायात्रा

मल्हारगढ़, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। तेजा दशमी पर वीर तेजाजी महाराज के जन्मोत्सव पर गांव कुम्हारी और मल्हारगढ मंदिर समिति द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का बडवाले बावजी के सेवादार, सद्भावना समिति, प्रेस क्लब सहित कई संगठनों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा के साथ श्रद्धालुओं की मन्नत पूरी होने पर लोटन यात्रा भी की। कल शुक्रवार 13 सितंबर को वीर तेजा दशमी के अवसर पर मल्हारगढ से मात्र 2 किलोमीटर दूरी पर स्थित चमत्कारिक वीर कालेश्वर तेजाजी महाराज के मंदिर ग्राम कुम्हारी में भव्य महाप्रसादी भंडारे का आयोजन होगा आसपास के क्षेत्र से सैकडो तेजाजी के भक्त दर्शन लाभ लेंगे बता दे की वीर चमत्कारी कालेश्वर मंदिर की महिमा इतनी भारी है कि यहां पर जहरीले जानवर के काटे हुए व्यक्ति आते हैं जो स्वस्थ हो जाते हैं। यहां आकर मंदिर की परिक्रमा लेने और भभूति खाने मात्र से ही आराम पहुंचता है और वह जल्द स्वस्थ हो जाता है आज तक यहां से कोई जहरीले जानवर का काटा हुआ व्यक्ति निराश होकर नहीं गया है। मल्हारगढ एवं आसपास के क्षेत्र के सैकडो लोग यहां से स्वस्थ होकर गए हैं।यहां लोग रोते हुए आते हैं और हंसते हुए जाते हैं।इस मंदिर और इस स्थान की महिमा ही निराली है

प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी तेजा दशमी के अवसर पर मल्हारगढ देवनारायण मंदिर देवराज चौक से प्रात: 11:00 भव्य विशाल शोभा यात्रा का आयोजन होगा जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए ग्राम कुम्हारी पहुंचेगी जहां महा आरती के पश्चात विशाल भंडारे भोजन प्रसादी का आयोजन होगा,जिसमें सैकडो भक्त शामिल होंगे और प्रसाद ग्रहण करेंगे। जानकारी मंदिर समिति अध्यक्ष शंभू लाल गिरी गोस्वामी मल्हारगढ ने दी।

इस अवसर पर भाजपा महामंत्री राजेश दिक्सित, प्रेस क्लब संरक्षक राधेश्याम बैरागी, प्रेस क्लब अध्यक्ष अशोक दक,मुख्य सेवादार राजेन्द्र पूरी गोस्वामी, विष्णुगिरी गोस्वामी, रमेश विजयवर्गीय,पत्रकार गोपाल मालेचा,पत्रकार दरबार सिंह, मंगल लोहार, दशरथ पाटीदार, हरीश केशरिया, गोरधन केशरिया, सीताराम सोनावत, अरविंद केशरिया,हेमंत लौहार, रंगलाल धनगर, विकास प्रजापति, राहुल लौहार सहित कई सेवादार उपस्थित थे

दस दिवसीय वार्षिक एनसीसी प्रशिक्षण प्रारंभ

मनासा, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। मध्यप्रदेश स्वतंत्र कम्पनी एनसीसी, नीमच का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 12 सितंबर से 21 सितंबर तक मनासा में लगाया गया हैं। जिसमें नीमच, मंदसौर, रतलाम और इंदौर के विद्यालय व महाविद्यालय के 400 छात्र सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। यह शिविर लेफ्टिनेंट कर्नल ज्योति प्रकाश के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, सायबर सतर्कता आदि विषयों पर गेस्ट लेक्चर आयोजित किए जाएंगे ताकि कैडेट्स को विभिन्न क्षेत्रों के बारें में जानकारी मिल सके। यह शिविर कैडेट्स के लिए एक अद्वितीय अवसर होगा जहां वे अपने कौशल को विकसित कर सकते हैं और अपने भविष्य के लिए तैयार होंगे। शिविर में दस दिन तक कैडेट्स फौजी जीवन से रूबरू होंगे और फौजी विषयों की प्राम्भिक जानकारी हासिल करेंगे। साथ ही खेल प्रतियोगिता आयोजित कर खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया जाएगा। शिविर के दौरान कैडेट्स के लिए सिकिल सेल थैलेसीमिया की जाँच एवं प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण शिविर का प्रबंध किया गया हैं। एनसीसी शिविर को इस प्रकार आयोजित किया गया हैं, कि बच्चें खेल-खेल में अपने सामाजिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक होंगे। शिविर के शुभारंभ अवसर पर कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल ज्योति प्रकाश ने कहा, कि एनसीसी केडेट्स विकासशील भारत को विकसित भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

अनपढ़ और अज्ञानता का लाभ उठाकर की जमीन की धोखाधड़ी

मनासा, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। समीपस्थ ग्राम भमोरी के एक गरीब अनपढ किसानी परिवार की महिला ओर उसके भाई के साथ अन्य रिश्तेदारों ओर सरकारी सिस्टम ने ऐसा जमीन का खेल रचा जिसमे किसान ओर उसकी बहन सारी की सारी शामिलती जमीन की रजिस्ट्री कराकर जमीन हडप लीओर जानकारी मिलने पर किसान परिवार पटवारी के पास गया तो गालीगलोच कर भगा दिया

मामले मे मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भगोरी के निवासी किसान देवीलाल धनगर ओर इसकी बहन नंदूबाई के नाम से ग्राम देवरी मे शामिलती भूमि सर्वेक्रं 117 ओर 118 पर दो टुकडो मे कुल 86 आरी भूमि थी जिसमे से 52 आरी भूमि का विक्रय सौदा देवीलाल ओर उसकी बहन ने 1150000 मे अपने रिश्तेदारो को कर दिया ज़ब रजिस्ट्री हुई तब किसान की अज्ञानता ओर अनपढता का लाभ उठाकर विक्रय करने वाले रिश्तेदारों ने पटवारी गिरदावर ओर स्टाम्प वेंडर ओर



रजिस्ट्रार के साथ मिलकर ऐसा खेल रचा जिसमे 52 आरी की जगह 86 आरी जमीन की रजिस्ट्री करवा ली किसान देवीलाल ओर नंदूबाई ने बताया की हम ज़ब 52 आरी बेचने के बाद बची हुई जगह अपने खेत पर गए तो विक्रेता रिश्तेदार दशरथ पिता अमृत गायरी ओर मुकेश पिता गोपाल गायरी ने हमें हमारी जमीन पर आने से रोका ओर बोला की सारी जमीन तुमने हमें बेच दी है अब इस जमीन पर मत आना और गालीगलोच कर हमें भगा दिया तब हमें पता चला की हमारी सारी जमीन हडप ली इस मामले को लेकर पटवारी गिरदावर से पूछा तो उन्होंने भी हमें भगा दिया ओर हमारी कोई भी मदद करने से मना कर दिया इस मामले को लेकर किसान परिवार द्वारा कलेक्टर को शिकायत की गई जिसमे नामांतरण ना करते हुए रजिस्ट्री निरस्त करने का निवेदन किया गया है ओर बताया की किए गए सौदे मे भी दो लाख रु कम दिए गए ओर बाकी के दो लाख रुपए देने से भी विक्रयकर्ता मुकर गया।

सरपंच की पहल: ग्रामसभा से की पोषण माह की शुरुआत

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। चलो शुरुआत फिर आज ग्राम सभा से ही की जाए गुड चने का प्रसाद अभी लाएं ..और ग्राम सभा में सरपंच श्री भागीरथ जी मालवीय गुराडिया लाल मुहा ने तुरंत रुपए दिए और गुड चना मंगवाया अवसर था ग्राम पंचायत गुराडिया लालमुहा में ग्राम सभा का ग्राम सभा में ही कुपोषण की बात और गांव में कुपोषित बच्चों की जानकारी पर्यवेक्षक ज्योति नवहाल ने पोषण माह के अंतर्गत दी गांव में अब तक आयोजित गतिविधियों में पोषण शपथ, पोषण वाटिका प्रशिक्षण इत्यादि के बारे में भी बताया गया और ग्राम को कुपोषण मुक्त करने का आवाहन भी किया सचिव श्री परशराम चौहान द्वारा गांव में कुपोषण खत्म करने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करने पर चर्चा की गई सरपंच श्री भागीरथ मालवीय ने कहा कुपोषण को खत्म करने में हर संभव प्रयास हम करेंगे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हमें बताएं कि उन्हें क्या मदद चाहिए हमें कुपोषित बच्चों की सूची देवे हम उनके माता-पिता से भी बात करेंगे उनकी पहल पर सचिव सरपंच सहायक सचिव सुदीप शर्मा विद्यालय के शिक्षक श्री उदय राम परमार श्री अरविंद पाटीदार श्री देवीलाल जी मालवीय ने 23 किलो गुड की घोषणा की एवं ?200 नगद देकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संगीता बारेट और संगीता मालवीय को सौंपे और कहा कल से प्रतिदिन बच्चों को गुड चना मूंगफली खिलावे और ग्राम में अन्य लोगों से भी इस हेतु सहयोग करने की अपील की परियोजना अधिकारी मनोज दुबे ने बताया कि हमारे जनप्रतिनिधि महिला एवं बच्चों का उनके लिए चलाई जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग कर रहे है जिससे हम निश्चित ही पोषण की गतिविधियां ही नहीं बल्कि सभी योजनाओं के साथ कुपोषण में भी कमी ला सकते हैं इस पंचायत को बाल एवं महिला हितेषी पंचायत बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के पायलट प्रोजेक्ट में भी शामिल किया गया है

विधायक मारू ने 115.67 लाख रुपये की सड़क का किया भूमि पूजन

मनासा, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत दुरगपुरा के गांव भोपाली में आज एक महत्वपूर्ण विकास कार्य की शुरुआत हुई। विधायक श्री माधव मारू ने 1.60 किलोमीटर लंबी सडक के निर्माण के लिए 115.67 लाख रुपये की लागत वाली परियोजना की आधारशिला रखी।

इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें शंकर लाल जी रावत, मन्नालाल जी, घनश्याम मोरी, अमरसिंह रावत, अम्बाराम जी पटिड, मुकेश दांगी (मंडल अध्यक्ष), श्याम वसीटा (जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि), और कमल डाबर प्रमुख रूप से मंचासीन रहे। गांव के अन्य गणमान्य नागरिकों और माता-बहनों की उपस्थिति ने इस समारोह को और भी खास बना दिया। ग्राम भोपाली में अब तक कोई बडा विकास कार्य नहीं हुआ था, लेकिन विधायक श्री माधव मारू ने ग्रामीणों से किए गए वादे को निभाते हुए इस सडक निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत किया और आशा जताई कि यह सडक उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी। इस भूमि पूजन के साथ ही ग्राम भोपाली में विकास कार्यों क्र एक नया अध्याय शुरू हुआ है, और ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस तरह के और भी विकास कार्य आगे भी जारी रहेंगे।

दिनांक 14 सितम्बर 2024
अपनी कुण्डली स्वयं देखे-
ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ
वास्तु टिप्स...

❊ प्रश्न- दक्षिण में द्वार अशुभ माना जाता है?
❊ उत्तर -निश्चय ही दक्षिण में द्वार अशुभ माना गया हैं परन्तु व्यापार इत्यादि कर्म करने वाले वैश्य वर्ण के लिये दक्षिण द्वार शुभ माना गया हैं।
(दक्षिण द्वार को पूर्णत: अशुभ मानना अज्ञानता का परिचय होगा,घर के मुखिया के कर्म पर भी उसका वास्तु दर्शन निर्धारित होता हैं,बहुत सी जगह दक्षिणमुखी भवन मे भी लोग खुशहाल जीवन यापन कर रहे हैं)
जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720

मनासा के प्रशासन और विधायक सत्ता के मद में मदहोश -जोकचंद

जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी के आमरण-अनशन के चौथे दिन मल्हारगढ़ के किसान नेता और गांधीवादी विचारक मंडलोई ने दिया समर्थन, कछावा का चौथे दिन डायबिटिज लेवल हुआ डाउन

मनासा, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। गरीब किसान और मजदुरो की आवाज जब सरकार और प्रशासन ने सुनना बंद कर दिया और वह दर दर की ठोकरे खाने पर मजबुर हो गया। सरकार के जनप्रतिनिधीयों और प्रशासन के जिम्मेंदारो से न्याय की उम्मीद खो चुका अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की आवाज उठाने की हिम्मत यहां के जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी आर. सागर कछावा ने जुटाई और आपके लिए चार दिन से अन्न त्याग कर वे सरकार और प्रशासन को जगाने के लिए आमनर अनशन कर रहे है। कछावा चार दिन से भूखे प्यासे बैठे हुए है लेकिन यहां के विधायक और एसडीएम को वे नजर नही आ रहे है। यह हालात मनासा ही नही बल्कि पूरे प्रदेश के है। जहां पर अंतिम पंक्ति में खडे व्यक्ति को दुख तकलीफो के अलावा कुछ नही मिल रहा है। सत्ता और प्रशासन सत्ता के मद में मदहोश होकर मसखरी कर रहे है। आमरन अनशन के बाद भी सरकार और प्रशासन ने 16 सुत्री मांगो को हल कर न्याय नही किया तो हम सभी

मिलकर सडक पर आकर उग्र आंदोलन कर आपको न्याय दिलाएंगे। सरकार और प्रशासन के खिलाफ इस लडाई में सागर अगले नही है उनके साथ किसानो ,आदीवासीयो और गरीबो को बहुत बडा कुनबा खडा है।

यह बात मल्हारगढ विधानसभा क्षेत्र के किसान नेता श्यामलाल जोकचंद ने कहीं। वे यहां पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी आर.सागर कछावा के आमरन अनशन के चौथे दिन समर्थन देते हुए बोल रहे थे। जोकचंद ने कहा कि विधायक अनिरूद्ध माधव मारू के साथ ही एसडीएम पवन बारिया और तहसीलदार मकवाना पर प्रहार करते हुए गंभीर आरोप लगाए। किसान नेता ने कहा कि आधी रात को यहां का तहसीलदार मकवाना गरीबो के मकान खाली करवाने पहुच जाता है। वही जोकचंद ने कहा कि यहां पर मैनें देखा कि बाहर की कंपनी दिलीप बिल्डिकान और ग्रीन को किसानो और आदीवासीयों की जमीने हडपने का काम कर रही है। यहां का प्रशासन और पुलिस सत्ता पक्ष के दबाव में काम कर रहा है। जोकचंद ने कहा कि इस लडाई को कांग्रेस पुरी ताकत के साथ लडेगी। गांधी विचारक कृपालसिंह मंडलोइ ने कहा कि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी सत्य की लडाई लड रहे है। गांधी जी ने अहिंसा को हथियार बनाकर अंग्रेजो से लडाई लडी थी। यह तो सरकार के खिलाफ लडाई है। गरीबो और किसानो को न्याय दिलाने के लिए जो अनशन का रास्ता अपनाया है वो न्याय पाने का असली हथियार है। प्रशासन और सरकार को झुकना ही पडेगा। जिला कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष चंद्रशेखर पालीवाल ने कहा कि हर दिन आमरन अनशन को किसानो के साथ ही बुद्रिजीवीयों का समर्थन मिल रहा है। आमरन अनशन कर रहे जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी आर. सागर कछावा ने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हू कि मैं सत्य की लडाई लड रहा हूं। और यह लडाई तब तक लडुगा जब तक आपको न्याय नही मिल जाएं। इस मौके पर गांधी विचार मंच के महेश नंदवाना, भेरूलाल मेघवाल, सहित बडी संख्या में किसानो ने चौथे दिन पहुचकर अपना समर्थन दिया।

मंदसौर मंडी भाव

उपज	आवक बोरी में	न्यूनतम	अधिकतम
मक्का	48	2620	2750
उडद	000	0000	0000
सोयाबीन	5000	4181	4841
गैहु	3700	2500	3223
चना	200	6501	7077
मसुर	160	5600	6190
धनिया	325	5326	7225
लहसुन	10200	10100	27010
मैथी	510	4848	6611
अलसी	2010	5370	6111
सरसो	611	5200	5928
तारामीरा	000	0000	0000
इसबगोल	112	10000	13901
प्याज	1950	1500	4224
कलोंजी	10	16401	18599
डॉलर	32	9400	11800
तिल्ली	75	10500	13860
मटरसुखी	15	4500	7628
असालीया	25	10501	11555

काउंसलिंग साइट पर जाकर प्रवेश के लिये कराए सीट बुक

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश के लिए काउंसलिंग साइट पर जाकर प्रवेश के लिये सीटर बुक करा सकते है। सरकारी पॉलिटेक्निक उन लोगों के लिए 3 साल का डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जो प्रारंभिक नौकरी के अवसर की तलाश में हैं। सरकारी पॉलिटेक्निक ओपन स्कूलों के माध्यम से आपको 10+2 उत्तीर्ण करने के लिए सुविधा भी प्रदान करेगा ताकि आपको डिग्री धारक बनने के अपने सपनों को छोड़ना न पड़े। जब आप 10+3 में डिप्लोमा पूरा कर लेते हैं तब भी आप बिना एक साल गंवाए इंजीनियरिंग के दूसरे वर्ष में प्रवेश पा सकते है। विद्यार्थी काउंसलिंग साइट https://dte.mponline. gov.in/portal/services/online counselling/counshome page/home.aspx[a जाकर प्रवेश सीट बुक करा सकते है। अधिक जानकारी के लिये 0755-6720205, 0755-2660441, 969164 6582 या ईमेल Vidyut.tesde @ gmail.comपर संपर्क कर सकते हैं।

पोषण माह के अंतर्गत गांवों में हो रही गतिविधियां

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। पोषण माह अभियान के द्वितीय सप्ताह की गतिविधियों के तहत भानपुरा, गरोठ एवं मल्हारगढ में कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को बच्चों को स्वस्थ और पौष्टिक आहार और एनीमिया की जानकारी दी गई। स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा का आयोजन किया गया तथा स्वस्थ बच्चों को पुरस्कृत किया गया। पीएचई विभाग द्वारा वॉसगतिविधी का आयोजन किता गया कार्यक्रम मे व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी द्वारा टीएचआरसे बनने वाले व्यंजन की तथा टीएचआरके बारे मे जानकारी ली गयी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों का वजन, ग्रोथ मानिटरिंग की सेम और मेम बच्चों की जानकारी, बच्चों को एनआरसी भर्ती की सलाह भी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के कुपोषण तथा उन्हें आयरन गोली के महत्व के बारे में समझाया गया। पोषण प्रदर्शनी के माध्यम से गर्भवती, धात्री माता को पौष्टिक व्यंजन, मौसमी फल ,सलाद, हरी सब्जियां, अंकुरित अनाज दालें का सेवन करने की सलाह दी गई। स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें

बच्चों की माता की सराहना कर बच्चों की वृद्धि निरंतर बढने की समझाइश दी गई। बच्चों की माताओ से चर्चा कर जन्म के 1 घंटे के भीतर स्तनपान, 6 माह तक केवल स्तनपान तथा 2 वर्ष तक स्तनपान के साथ उपरी आहार की समझाइश दी गई। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती भावना सेंगर खनिज अधिकारी, श्री भारत भूषण नापतोल निरीक्षण, श्री जीएस चुंडावत प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र मंदसौर एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता उपस्थित थी।

पोषण माह अभियान के अंतर्गत गुराडिया लाल मुंहा में आयोजित हुआ कार्यक्रम – ग्राम पंचायत गुराडियालाल मुंहा में पोषण माह अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किये। कार्यक्रम के दौरान पर्यवेक्षक श्रीमती ज्योति नवहाल द्वारा पोषण माह में आयोजित गतिविधियों में पोषण शपथ, पोषण वाटिका प्रशिक्षण इत्यादि के बारे में भी बताया गया और ग्राम को कुपोषण मुक्त करने का आवाहन भी किया। परियोजना अधिकारी श्री मनोज दुबे ने बताया कि महिला एवं बच्चों का उनके लिए चलाई जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग कर रहे है।

विकसित भारत के निर्माण में भाजपा से जुड़े-सांसद

सांसद गुप्ता ने सुवासरा विधानसभा के ग्रामों का दौरा कर दिलाई भाजपा की सदस्यता

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। सांसद सुधीर गुप्ता ने शामगढ नगर व सुवासरा विधानसभा के ग्रामों का दौरा कर युवा, बुर्जुग और महिलाओं को पार्टी की ओर से जारी फोन नंबर 8800002024 पर मिस कॉल कर साथ ही क्यूआर कोड स्कैन करके पार्टी की सदस्यता दिलाई।

गुरूवार को सांसद सुधीर गुप्ता ने शाम शामगढ नगर व सुवासरा विधानसभा के ग्राम प्रतापपुरा, घलपट, बर्डियापुरा, सुवासरा नगर, घसोई, रूनीजा, गेलाना, सेमली काकड, टोकडा, सुवासरा नगर में पार्षद सहित अन्य ग्रमों का दौरा कर हर वर्ग के सैकडो नागरिकों को भाजपा की सदस्यता दिलाई और सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत कराया। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जिस विचारधारा को लेकर काम कर रही है वो भारत को विश्व गुरु बनाने का है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता सिर्फ चुनाव ही नही बल्कि हमेशा जनता के बीच रहता है। पार्टी की नीतियों और विचारों को प्रचार प्रसार करता है। हमारे प्रदेश का संगठनात्मक ढांचा बहुत मजबूत है. हम पिछले कुछ वर्षों का चुनाव देखें जिसमें विधानसभा हो या लोकसभा सभी में हमारे कार्यकर्ताओं का योगदान बेहतरीन रहा। बीजेपी का कार्यकर्ता यदि निष्ठा से कार्य करता है तो उसे उसका लाभ मिलता है। जब शासन की योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती है तो उनका पुण्य कार्यकर्ताओं को मिलता है। उन्होने कहा कि भाजपा विश्व की नंबर वन पार्टी है। आप लोगों के कारण ही संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता 365 दिन काम करते हैं। देश के निर्माण में भाजपा से जुडें। जिससे पीएम नरेंद्र मोदी के हाथ को मजबूत हो सके। और देश निरंतर तरक्की कर सकें।इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपथित थे।

आज निकलेगा अखाड़ों व झांकियों के साथ 51 वेवाण का भव्य चल समारोह

जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने किया मार्ग व शिवना घाट का निरीक्षण

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। आज 14 सितम्बर को ढोल ग्यारस महोत्सव समिति द्वारा मंदसौर में 51 वेवाण का भव्य चल समारोह नगर में निकाला जाएगा। संतों के सानिध्य में निकलने वाले इस भव्य आयोजन में ढोल, बैण्ड, अखाडे, आकर्षक झांकी व संस्कृत पाठशाला के बटुक भी साथ रहेंगे। चल समारोह के एक दिन पूर्व शुक्रवार को समिति सदस्यों के साथ जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने चल समारोह मार्ग व शिवना घाट का निरीक्षण किया व आवश्यक व्यवस्थाएं की।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम शिवलाल शाक्य, नपा सीएमओ सुधीर कुमार सिह, शहर थाना प्रभारी श्री पुष्पेन्द्रसिंह राठौर, यातायात प्रभारी श्री सौलंकी, नपा अमला, एसडीआरएफ की टीम सहित समिति के सदस्यों ने निरीक्षण कर चल समारोह में कोई बाधा न हो इस हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं हेतु संबंधित को निर्देश दिये। बालाजी ग्रुप के जिलाध्यक्ष मंगल बैरागी ने निरीक्षण के दौरान बताया कि आयोजन हेतु चल समारोह समिति, स्वागत समिति, पूजन अर्चन समिति, व्यायाम शाला अखाडा उस्ताद सम्मान समारोह, पशुपतिनाथ घाट व्यवस्था समिति बनाई गई। तथा बालाजी गुरप के 101 कार्यकर्ताओं की टोली चल समारोह की व्यवस्थाओं हेतु कार्य करेगी। यह वेवाण चल समारोह 14 सितम्बर को दोप. 2 बजे विश्वपति शिवालय गांधी चौराहा से संतों के सानिध्य में प्रारंभ होगा। ढोल, बैण्ड, अखाडे के साथ नगर के सभी वेवाण एक साथ निकलेंगे। चल समारोह में आकर्षक झांकी भी रहेगी। पशुपतिनाथ मंदिर संस्कृत पाठशाला के बटुक भी साथ रहेंगे। गांधी चौराहा से पुराना बस स्टेण्ड, भारत माता चौराहा, घण्टाघर, सदर बाजार, मण्डीगेट, प्रतापगढ पुलिया से पशुपतिनाथ मंदिर के समीप पहुंचेगा जहां वेवाणों की पूजा अर्चना की जायेगी।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्य सचिव ने ली बैठक

किसानों से समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी 25 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक की जाएगी, किसान पोर्टल पर 25 सितंबर से 15 अक्टूबर तक करवा सकेंगे पंजीयन

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। प्रदेश में किसानों से समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी का कार्य 25 अक्तूबर से 31 दिसंबर 2024 तक किया जाएगा।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा की अध्यक्षता में खरीदी कार्य के लिए उत्कृष्ट व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए संपन्न हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।मुख्य सचिव श्रीमती राणा ने बैठक में खरीफ कृषि उपज की समीक्षा करते हुए सोयाबीन खरीदी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राजस्व विभाग को गिरदावरी का कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर 25 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक किसानों द्वारा रजिस्ट्रेशन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुविधाजनक रूप से करने के लिए कहा है।

बैठक में निर्णय लिया गया है कि समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी की एजेंसी मार्कफेड होगी तथा भंडारण की व्यवस्था स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन और बारदाना की व्यवस्था मार्कफेड द्वारा की जायेगी।किसानों से फेयर एवरेज क्वालिटी (एफएक्यू) की सोयाबीन खरीदी के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेंगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि खरीदी के दौरान केंद्रों पर किसानों को सुविधाजनक सुविधाएं और वातावरण दिया जाए।

आओ जानें मन्दसौर की विरासत

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर की स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष माननीय श्री नरेशजी चंदवानी एवं प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने बताया कि भारतीय ज्ञान परम्परा के अन्तर्गत विद्यार्थियों को मन्दसौर जिले की विरासत के बारे में बताया गया है।

डॉ. उषा अग्रवाल ने अपने पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से मूर्त और अमूर्त दोनों ही विरासत की जानकारी विस्तृत रूप से प्रदान की। आपने डॉक्यूमेंटरी के माध्यम से बताया कि मन्दसौर जिले में मूर्त और अमूर्त दोनों की विरासत विद्यमान है। मूर्त विरासत के अन्तर्गत मन्दसौर जिले के धर्मराजेश्वर मन्दिर, धमनार, घसोई और कोलाडूंगर की गुफाएँ, हिंगलाजगढ और मन्दसौर का किला, उमा महेश्वर मंदिर और पशुपतिनाथ की प्रतिमा तथा लदूना का सेवाकुंज विद्यमान है। साथ ही अमूर्त विरासत के अन्तर्गत मन्दसौर की हस्तकला, तारापुर की प्रिंट, थेवाकला, भोजन, लोकगीत, लोकसंगीत, लोकअंकन, संज्ञा एवं मांडना विद्यमान है। आपने बताया कि मन्दसौर के हेरिटेज का अगर सुव्यवस्थित प्रबंधन और सुप्रचार आधुनिक तरीके से किया जाए तो विरासत भी विद्यमान रहेगी और पर्यटन भी बढेगा। साथ ही आने वाली पीढी अपनी विरासत पर गर्व करेगी।

एक दिवसीय अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 20 को

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। शासकीय आईटीआई मंदसौर के प्राचार्य द्वारा बताया गया कि एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया गया है। मेले में फिटर, वेल्डर, टर्नर, मोटर एंड डीजल मैकेनीकएवं ऑल इंजीनियर ट्रेडके पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसमें शैक्षणिकयोग्यता आईटीआई उत्तीर्ण, 12 पास अभ्यर्थी, 18 से 28 वर्ष उम्रके विद्यार्थी भाग ले सकते है। अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 20 सितंबर को प्रात: 10 बजे आयोजित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिये 7987241710 पर सम्पर्क कर सकते है।

ग्रैपलिंग चैंपियनशीप में चार स्वर्ण पदक मिले

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। चौथे स्टेट ग्रैपलिंग चैंपियनशिप राजधानी भोपाल में आयोजित प्रतियोगीता मे मन्दसौर मिक्स मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन के चार खिलाडियों ने भाग लिया। प्रतियोगीता मे चार स्वर्ण पदक जया सिसौदिया, लक्ष्मी मालवीय, मृणालि शिंदे, बबलू धनगर खिलाडियों ने अर्जित कर मन्दसौर का नाम रोशन किया। मिक्स मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन की और से कोच नीतिराज सिंह चौहान का मार्गदर्शन रहा। खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विनय दुबेला व अन्य सदस्यों ने विजेता सभी खिलाडीयों को बधाई देकर हर्ष व्यक्त किया।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार एवं श्री कपिल मेहता प्रधान जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन में 14 सितम्बर 2024 को जिला स्तर पर एवं तहसील न्यायालय भानपुरा, गरोठ, सीतामऊ, नारायणगढ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

नेशनल लोक अदालत के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री सिद्धार्थ तिवारी द्वारा बताया कि उक्त नेशनल लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन एवं न्यायालय में लंबित प्रकरणों में राजीनामे के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा।जिसमें परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत चैक बाउंस संबंधी प्रकरण, धन वसूली संबंधी प्रकरण, श्रम विवाद संबंधी प्रकरण, विद्युत और जल देयक संबंधी प्रकरण, भरण-पोषण संबंधी प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम के अंतर्गत आने वाले प्रकरण एवं अन्य आपराधिक शमनीय तथा दीवानी विवाद संबंधी प्रकरण, वैवाहिक मामले (तलाक संबंधी प्रकरणों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण संबंधी प्रकरण, वेतन/भत्ते/सेवा निवृत्ती संबंधी लाभ के सर्विस मैटर संबंधी प्रकरण, राजस्व प्रकरण (जिला न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों में लंबित प्रकरण), अन्य दीवानी प्रकरण जैसे किराया, विनिर्दिष्ट अनुतोष संबंधी वाद इत्यादि एवं बैंक/फायनेंस, बी.एस.एन.एल. राजस्व, पुलिस एवं अन्य विभागों से संबंधित प्रिलिटिगेशन प्रकरणों को इस नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत राजीनामा के माध्यम से निराकृत किया जावेगा।नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों को निराकृत किये जाने हेतु जिला मुख्यालय मंदसौर एवं तहसील विधिक सेवा समिति गरोठ, भानपुरा, नारायणगढ तथा सीतामऊमें कुल 31 खण्डपीठों का गठन किया गया। लोक अदालत में कुल 9329 न्यायालय में लंबित प्रकरण रैफर्ड किये गए है, जिनमें राजीनामें के आधार पर निराकरण किये जाने हेतु प्रयास किये जा रहे है।

पोषण माह के तहत आयोजन सम्पन्न

सुवासरा, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। प्रोजेक्ट अंतर्गत आज शासकीय कन्या उमावि सुवासरा में पोषण माह और बेटी बचाओ बेटी पढाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, बालिकाओं को इस कार्यक्रम का महत्व बताया गया, बालिकाओं को शिक्षा,स्वास्थ्य, एनीमिया केकारण और रोकथाम कि समझाइश दी गई, आयरन टेबलेट का नियमित सेवन करने, माहवारी स्वच्छता, लिंगानुपात, बालिकाओं के लिए शिक्षा का महत्त्व,उचित खानपान व्यवहार अपनाने आदि के बारे में बताया गया। इस दौरान स्कूल की बालिकाएं शिक्षक महिलाए बाल विकास पर्यवेक्षक सोनल उम्रेजा, ब्लॉक कॉर्डिनेटर हेमंत मोर्वी, आंगनवाडी कार्यकर्ताएं उपस्थित थे।

शक्ति केन्द्र पर सदस्यता अभियान जारी

पिपलियामंडी, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। भाजपा पिपलियामंडी मंडल के शक्ति केंद्र बरखेड़ापंथ पर महा सदस्यता अभियान के तहत मंडल अध्यक्ष सामंतसिंह शक्तावत की उपस्थिति में सदस्य बनाए व सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर आईटी सेल जिला संयोजक जितेंद्र शर्मा, शक्ति केंद्र प्रभारी भेरूलाल दाहना, सरपंच अभिमन्यु कारपेंटर, राजेंद्र पाटीदार, लालूराम लुवाणिया, अंत्योदय प्रकोष्ठ मंडल संयोजक कैलाश पोरवाल, जगदीश पाटीदार, मीडिया प्रभारी महेश मरेठा, महेश पोरवाल, नानालाल चडावत, जगदीश तेलकार, सुनील रावल, मांगीलाल माकनिया, मुकुंद पटेल, गोवर्धनलाल पाटीदार, मुरलीधर शर्मा, नारायण सुथार आदि मौजूद रहे।

आगामी सभी पर्वों एवं त्यौहारों का आयोजन निर्विघ्न हो इसके लिए कलेक्टर एवं एसपी ने माइक्रो लेवल पर की प्लानिंग

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। आगामी दिनों में आने वाले सभी पर्वों एवं त्योहार जिले में निर्विघ्न तरीके से पूर्ण हो, इसके लिए कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद ने माइक्रो लेवल पर तैयारी की है। इस बार जिले में कोटवारों को विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ का दर्जा दिया गया है, जो आगामी पर्वों में पुलिस के साथ आवश्यक ड्यूटी करेंगे।

जिला स्तर के समस्त अधिकारियों को विभिन्न पर्वों में कानूनी व्यवस्था की ड्यूटी में लगाया गया है। कलेक्टर मंदसौर द्वारा समस्त सीएमओ को नगरीय क्षेत्र की व्यवस्थाओं और जनपद पंचायतों के सीईओ को ग्रामीण क्षेत्र की व्यवस्थाओं के लिए उत्तरदाई बनाया है एवं उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं। नगर पालिकाओं द्वारा गणेश प्रतिमा के संग्रहण स्थलों को चिन्हित किया गया है। जहां नगर पालिका की टीम द्वारा मूर्तियों को ससम्मान विसर्जन किया जाएगा। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में भी ऐसे समस्त ग्रामों में पंचायत सचिव और रोजगार सहायकों की ड्यूटी लगाई गई है, जो मूर्ति संग्रहण का कार्य करें और उन्हें सुरक्षात्मक तरीके से ससम्मान विसर्जित करें। समस्त एसडीओ द्वारा समस्त एसडीओपी शांति समितियों की मीटिंग की गई एवं फ्लैग मार्च भी किया गया।

मुल्तानपुरा में आज भी सनातन संस्कृति जीवित है-अग्रवाल

नवयुवक गणेशोत्सव समिति मुल्तानपुरा द्वारा अनन्त चर्तुदशी पर्व पर निकाली जाएगी झांकी

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। छोटे-छोटे गांव में आज भी सनातन संस्कृति जीवित है और हमारे त्योहार पूरे उत्साह के साथ मनाए जाते हैं। चाहे गांव में सनातन संस्कृति के दस घर या बिस घर हो, तब भी त्यौहार में उत्साह दिखता है। जैसे पूरा गांव अपना ही हो। मुल्तानपुरा गांव में भगवान गणेश जी की मूर्ति विराजित कर 10 दिन तक गणेश उत्सव मनाना और अपनी संस्कृति को जीवित रखना वास्तव में सराहनीय कार्य है।

उक्त विचार केंद्रीय गणेश उत्सव समिति मंदसौर के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने ग्राम मुल्तानपुरा में नवयुवक गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित दस दिवसीय गणेश उत्सव में भगवान गणेश जी की आरती करते हुए व्यक्त किये। आपके साथ श्री सेठ ईलाजी नाथूराम ट्रस्ट के सचिव गोपाल मंडोवरा, ट्रस्टी उमेश पारीक ,सामाजिक कार्यकर्ता संजय वर्मा भी उपस्थित थे। श्री अग्रवाल ने नवयुवक गणेश उत्सव समिति के युवाओं से आव्हान किया कि सनातनी संस्कृति के सभी पर्व मुल्तानपुरा में पूरे उत्साह के साथ मनावे और उत्सव मनाने में यदि किसी प्रकार की कोई आवश्यकता हो तो हमें बताओ उस आवश्यकता को हम सामाजिक धार्मिक संगठनों के माध्यम से पूरा करेंगे और मुल्तानपुरा क्षेत्र से अनंत चतुर्दशी पर्व पर रात्रि में झांकी भी निकालना चाहिए ताकि मंदसौर शहर में मुल्तानपुरा गांव की गणेश उत्सव समिति का नाम भी होगा और अन्य सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को एक प्रेरणा भी मिलेगी। क्योंकि हमारे सनातन संस्कृति के उत्सव हम सबको आपसी भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। इस अवसर पर गोपाल मंडोवरा, उमेश पारिख एवं संजय वर्मा ने कहा कि यदि हम मुल्तानपुरा गांव में इन युवाओ के आह्वान पर भगवान गणेश जी की आरती में शामिल नहीं होते तो निश्चित रूप से इन युवाओं द्वारा किए जा रहे सनातनी संस्कृति के कार्य से हम परिचित नहीं हो पाए। इस गांव के युवाओं की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। आरंभ में नवयुवक मंडल की ओर से कुंदन एवं सभी मित्रों ने मंदसौर आरती में शामिल होने गए सभी आगंतुको का भगवान गणेश जी का दुपट्टा ओढाकर सम्मान किया।

लोक देवता पाबूजी लक्ष्मण अवतार का जन्मोत्सव मनाया

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। अखिल भारतीय क्षत्रिय नायक समाज के आराध्य देव श्री 1008 पाबुजी महाराज लक्ष्मण अवतार का जन्मोत्सव बडे धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान समाजजनों द्वारा भव्य वाहन रैली पाबूजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर निकाली गई। जो बादरी चौपाटी पिपलिया से प्रारंभ होकर महाराणा प्रताप बस स्टैंड, बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा होते हुए पशुपतिनाथ मंदिर धर्मशाला पहुंची जहां पर वाहन रैली का समापन हुआ। धर्मशाला पर आयोजित कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया ने आराध्य देव की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर नायक समाज के प्रदेश महामंत्री व भाजपा मित्र मंडल के भेरूलाल नायक मंदसौर, जिलाध्यक्ष घनश्याम नायक, पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप नायक, युवा जिला अध्यक्ष अरूण नायक, जिला उपाध्यक्ष भेरूलाल पलवई, रंगलाल, राजाराम, मुकेश, दिनेश, सुरेश, धर्मेन्द्र सहित समाज के वरिष्ठजन व समाजजन मौजूद रहे। आभार नायक समाज के प्रदेश महामंत्री व भाजपा मित्र मण्डल के भेरूलाल नायक मंदसौर ने व्यक्त किया।

बुद्धि को भगवान में लगाओं, संसार में नहीं-स्वामी सरस्वती

मंदसौर, 13 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा मंदसौर पर दिव्य चातुर्मास पूज्यपाद 1008 स्वामी आनन्दस्वरूपानंदजी सरस्वती ऋषिकेश के सानिध्य में चल रहा है। स्वामी जी द्वारा प्रतिदिन प्रात: 8.30 से 10 बजे तक श्रीमद् भागवद् महापुराण के एकादश स्कन्द का का वाचन किया जा रहा है।

शुक्रवार को धर्मसभा में स्वामी श्री आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ने कहा कि हमें भजन में रूचि बढाना चाहिए भजनों को सुनना चाहिए गाना चाहिए क्योंकि भगवान के प्रति आस्था बढाने के लिए भजन के अच्छा माध्यम होते है। हमें भगवान की महिमा का श्रवण करना चाहिए भगवान को जानने का प्रयास करना चाहिए। हमे गुरूओं के द्वारा दिए गए उपदेशों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। आपने कहा कि शास्त्रों में लिखा हैं कि भगवान ने सभी जीवों में बुद्धि सिर्फ मनुष्य को दी है ताकि वह इस बुद्धि को भगवान में लगाकर अपने जीवन का उद्धार आत्म कल्याण के मार्ग को प्रशस्त कर सकें। लेकिन हम बुद्धि को संसार में लगाते है, जिसका कोई फल हमें नहीं मिलने वाला होता है। धर्मसभा में आपने कहा कि धीरे - धीरे भगवान का चिंतन बढाओं को संसार का चिंतन कम करों एक दिन आपका मन पूरी तरह से प्रभु भक्ति में लग जायेंगा। मीरा ने कृष्ण भक्ति में सबकुछ त्याग दिया था और उन्हें भगवान की प्राप्ति भी हुई। आपने कहा कि इन्द्रियों को नियंत्रण में रखें यह जो मांगे उसे मत दों कामनाओं को नियंत्रण में रखना भी तप है। आपने कहा कि शास्त्रों में बताया गया है कि सभी से मधुर एवं सत्य वाणी बोलों इसमें भी भगवान का स्वरूप है। आपने बताया कि सबसे बडा धन धर्म है, सब छूट जाता है लेकिन धर्म हमारा साथ कभी नहीं छोडता। कार्यक्रम के अंत में भगवान की आरती उतारी गई एवं प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीशचंद्र सेठिया , सचिव कारूलाल सोनी, प्रहलाद काबरा, प्रमोद कुमार गुप्ता, आर सी पाण्डेय, मदनलाल गेहलोत, पं जगदीश गर्ग, पं शिवनारायण शर्मा, नीलमचंद भावसार, घनश्याम भावसार, राधेश्याम गर्ग, महेश गेहलोद, भगवतीलाल पिलौदिया,प्रवीण देवडा, जगदीश भावसार सहित बडी संख्या में महिलाएं पुरूष उपस्थित थे।

पंजीयन क्रमांक DR/MDS/1445 दिनांक- 13.09.2024

गौतम लब्धि साख सहकारी संस्था मर्या. मंदसौर (म.प्र.)

तरणताल मार्ग, दवा बाजार, मंदसौर

***** वार्षिक आमसभा की सूचना *****

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि गौतम लब्धि साख सहकारी संस्था मर्या. मंदसौर की वार्षिक साधारण सभा स्थान- लोक मान्य तिलक हायर सेकेण्डरी स्कूल बालागंज पायगा मंदसौर पर दिनांक 27.09.2024 समय दोपहर 2.00 बजे रखी गई है। जिसमें आप सभी की उपस्थिति वांछनीय है। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक आधे घंटे के लिए स्थगित की जायेगी। पुनः आधे घंटे पश्चात बैठक आरम्भ की जावेगी। जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।

विषय सूची - 1. संस्था के लेखा पत्रकों का संपरीक्षण उपायुक्त महोदय सहकारिता जिला मंदसौर के संपरीक्षण से कराना।
2. संस्था की ऋण नीति स्वीकृत करने हेतु विचार।
3. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से।
4. संस्था द्वारा पारित प्रस्तावों का अनुमोदन करना।
5. संस्था का वर्ष 2024-25 का अनुमानित बजट का अनुमोदन करना।

अध्यक्ष
गौतम लब्धि साख सहकारी संस्था मर्या. मंदसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in